दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। बुधवार 12 नवम्बर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 324 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में सुरक्षा होगी टाइट

**- प्रमुख स्थानों पर लगवाए गए हैं 32 सीसीटीवी**

**- एसीपी वेव सिटी बोली सुरक्षा हो मजबूत**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा जन सहयोग से क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे थानाक्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की लाइव फुटेज थाने से जुड़े डीवीआर सिस्टम से लगातार मॉनिटर की जाएगी ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है।





एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में लगाए गए ये कैमरे पुलिस मॉनिटरिंग को और बेहतर बनाएंगे। इससे अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी, किसी भी घटना के बाद अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में तेजी आएगी। जनता को सुरक्षा का सीधा लाभ मिलेगा और पुलिस की पकड़ और मजबूत होगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और अपराध नियंत्रण में पुलिस को मदद मिलेगी।

## दूसरे चरण में हुई 68.79 प्रतिशत वोटिंग

## 11 एग्जिट पोल्स में एनडीए को बहुमत महागठबंधन पीछे, जनसुराज बेअसर



सीटें 243 | **बिहार एग्जिट पोल-2025** | बहुमत 122

| | एजेंसी | भाजपा+ | राजद+ | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | -- | 1-5 |
| 2 | मैट्रिज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | 0-2 | 2-8 |
| 3 | पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| 4 | जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| 5 | पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 2-8 |
| 6 | चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | -- | 2-3 |
| 7 | पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | -- | 3-5 |
| 8 | प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | -- | 7 |
| 9 | टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | -- | 3-6 |
| 10 | पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |

**नई दिल्ली।** बिहार में दोनों चरणों का मतदान खत्म होने के बाद अब तक जिन 10 एजेंसियों के एग्जिट पोल अनुमान सामने आए हैं, उनमें सभी एजेंसियां एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगा रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 के मतदान समाप्त हो चुके हैं। अब तक सामने आए नौ एग्जिट पोल अनुमानों के मुताबिक बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली ठऊअ के जीतने के आसार हैं। अधिकांश एग्जिट पोल अनुमान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठऊअ) में शामिल दलों को स्पष्ट बहुमत मिलने के आसार हैं।

**ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल में क्या होता है अंतर?**

**ओपिनियन पोल:** एजेंसियां ओपिनियन पोल चुनाव से पहले कराती हैं और इसमें सभी लोगों को शामिल किया जाता है। भले ही वो मतदाता है या नहीं। ओपिनियन पोल के नतीजे के लिए चुनावी दृष्टि से अलग-अलग क्षेत्रों के अहम मुद्दों पर जनता की नब्ज को टटोलने की कोशिश की जाती है। इसके तहत हर क्षेत्र में यह जानने का प्रयास किया जाता है कि सरकार के

## अतुल गर्ग मानहानि केस में कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा तलब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की राजनीति एक बार फिर सुर्खियों में है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिए गए एक बयान ने अब कानूनी रूप ले लिया है। गाजियाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी रहीं और पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा को भाजपा सांसद अतुल गर्ग द्वारा दायर मानहानि प्रकरण में अदालत ने तलब किया है। यह मामला उस समय का है जब चुनाव प्रचार के बीच डॉली शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग पर गंभीर आरोप लगाए थे और भाजपा नेता पवन गोयल के नाम से कथित एक लैटर दिखाकर उन्हें 'भूमाफिया' बताया था। इस बयान ने न सिर्फ उस वक्त सियासी हलचल मचा दी थी, बल्कि अब इस पर अदालत ने सुनवाई आगे बढ़ाते हुए डॉली शर्मा को नोटिस जारी किया है।

**प्रकरण की पृष्ठभूमि :** वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि भाजपा नेता पवन गोयल ने अपने एक पत्र में सांसद अतुल गर्ग पर जमीन से जुड़े गंभीर आरोप लगाए हैं। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस उस समय कई प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया माध्यमों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी।







### पुलिस जांच में आरोप निराधार पाए गए

करंट क्राइम। डॉली शर्मा के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए सांसद अतुल गर्ग ने इसे पूरी तरह भ्रामक और झूठा बताते हुए मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ कि जिस कथित लैटर का हवाला डॉली शर्मा ने दिया था, उसमें न तो अतुल गर्ग का नाम था और न ही ह्यभूमाफियाह्ण शब्द का उल्लेख था। भाजपा नेता पवन गोयल ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उन्होंने कभी कोई पत्र सांसद अतुल गर्ग के विरुद्ध नहीं लिखा और न ही ऐसा कोई पत्र डॉली शर्मा को सौंपा। उन्होंने कहा, डॉली शर्मा मेरी अधिकारी नहीं हैं कि मैं उन्हें कोई लैटर दूं। उन्होंने यह सब एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया।

**राजनीतिक लाभ के लिए साजिश का आरोप :** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि डॉली शर्मा ने लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी साख को धूमिल करने और राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से झूठे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि झूठे तथ्यों के आधार पर की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस ने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया है। पुलिस जांच रिपोर्ट में भी यह पाया गया कि डॉली शर्मा ने कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा था, जिसके साक्ष्य पुलिस को प्राप्त हुए।

### न्यायालय की कार्यवाही

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग के अधिवक्ता शरद कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है। इस मामले की सुनवाई के दौरान गाजियाबाद सीजेएम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा सहित अन्य को तलब किया है। इससे पहले डॉली शर्मा ने समन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जहाँ से यह निर्देश दिया गया था कि निचली अदालत समन जारी करने से पहले सभी पक्षों को सुन ले। अब सीजेएम कोर्ट द्वारा सुनवाई पूर्ण कर ली गई है और डॉली शर्मा सहित अन्य को मानहानि व आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में पेश होने के लिए बुलाया गया है।



## पार्षद शीतल चौधरी ने की पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

**एसीपी ने कहा एक हफ्ते का समय लगेगा जांच में**





करंट क्राइम फॉलोअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद शीतल चौधरी मंगलवार को पार्षदों के साथ पुलिस आयुक्त से मिलीं। गौरतलब है कि पार्षद शीतल चौधरी पर गोली चली थी। उन्होंने यह सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को भाजपा पार्षद मनोज त्यागी, कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा, कांग्रेस पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी तथा पार्षद पति पवन गौतम के साथ शीतल चौधरी ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की और उनसे जल्द ही इस पूरे मामले को खोलने की मांग की। इस मामले में करंट क्राइम से बातचीत में निगम पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि इतने दिन बीत गये हैं लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। इससे पहले वो शनिवार को भी पुलिस आयुक्त से मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस मामले में जांच हो रही है। वहीं एसीपी ने जांच प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक हफ्ते का समय और लगने की बात कही।

पार्षद शीतल चौधरी इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी चाहती हैं। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले में जांच पूरी करे और केवल जांच ही नहीं बल्कि दोषियों को गिरफ्तार भी करे।

## दिल्ली आतंकी हमले को कायराना हरकत बताया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने, कहा-

**आतंकी हमले का दिया जायेगा माकूल जवाब**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली आतंकी हमले की उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुआ आतंकी हमला कायराना हमला है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले का एक भी दोषी बचेगा नहीं और बक्शा नहीं जायेगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दावा किया कि आतंकी हमले का माकूल जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह जीरो टॉलरेंस की सरकार है और यहां आतंक के लिए कोई स्थान नहीं है। आतंकी संगठनों पर कड़ी कार्यवाही होगी और उन्हें नष्ट किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपने देश के नागरिकों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है। यह आतंकी हमला एक बड़ी साजिश है और जल्द ही इस साजिश का खुलासा होगा।

## बिहार चुनाव में एकतरफा होगी एनडीए की जीत : संजीव शर्मा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत की बात कही है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में शत प्रतिशत एनडीए की जीत होगी। संजीव शर्मा ने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजे बतायेंगे एनडीए ने एकतरफा जीत हासिल की है। संजीव शर्मा ने दावा किया बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनादेश दिया है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताया है। उन्होंने दावा किया बिहार में 100प्रतिशत भाजपा की सरकार बन रही है और यहां विपक्ष के हाथ निराशा लगेगी।

## इस साल नहीं शुरू हो पाएगा कमिश्नरेट की नई बिल्डिंग का काम

## नया नक्शा हुआ पास, बिल्डिंग का निर्माण करेगा पीडब्ल्यूडी लखनऊ

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बनने वाली कमिश्नरेट की नई बिल्डिंग राजनगर एक्सटेंशन में बनना तय हुआ था, लेकिन इसके नए नक्शे की स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण में देरी हो रही है।

पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाली नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य इस वर्ष नहीं शुरू हो पाएगा। बताया जा रहा है कि लगभग 65 करोड़ रुपए से शासन स्तर से यहां बहुमंजिला पुलिस कमिश्नर कार्यालय बनने का प्रस्ताव पास हुआ था। जिसे शासन स्तर और पुलिस मुख्यालय से अनुमति मिल गई थी, पर इसमें अभी तेरी चल रही है।




### नया नक्शा भी हो गया पास, पर निर्माण का है वेट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट की राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाली नई बिल्डिंग के लिए लगभग बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर सहित बहुमंजिला निर्माण का नक्शा पास हो गया है। इस बिल्डिंग का निर्माण पीडब्ल्यूडी लखनऊ की शाखा द्वारा किया जाएगा। इसके लिए लगभग 65 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। अब बताया जा रहा है कि इसका निर्माण लखनऊ मुख्यालय के दिशा निर्देशों पर ही किया जाएगा। इसमें अभी लेट और वेट वाली स्थिति बनी हुई है।

### पुलिस कमिश्नर के ऑफिस से लेकर जिम तक का बना है लेआउट

करंट क्राइम : राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की नई बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 2026 में ही शुरू होगा, यह बात लगभग तय हो चुकी है। तो वहीं जानकारी मिली है कि इस बिल्डिंग में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, पुलिस कमिश्नर ऑफिस के साथ ही गजेटेड अधिकारियों के कक्ष के साथ ही पुलिस कर्मियों के जलपान एवं बैठने के लिए कैफेटेरिया, स्वस्थ रहें और वह व्यायाम करें, इसके लिए जिम और स्पोर्ट्स कॉर्नर भी बनाया जाएगा। यह बहुमंजिला बिल्डिंग बनेगी, जिसमें आधुनिक लिफ्ट सिस्टम और फायर फाइटिंग सिस्टम को लगाया जाएगा।

**लगभग 65 करोड़ रुपए से बनना है बहुमंजिला पुलिस कमिश्नर ऑफिस**

### पुलिस अधिकारियों के लिए बनेगा पार्किंग एरिया

करंट क्राइम : राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाले पुलिस मुख्यालय की इस कमिश्नरेट वाली बिल्डिंग में जहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए पार्किंग स्पेस बनाया जाएगा। तो जनसुनवाई और अन्य फरियादियों से लेकर पहुंचने वाले लोगों के लिए भी वाहन पार्किंग की अलग से सुविधा दी जाएगी ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो। पुलिस कमिश्नरेट के निर्माण व भूमि सेल से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि वर्ष 2026 जनवरी या फरवरी तक इसका निर्माण कार्य शुरू कर हो सकता है।

## दिल्ली में आतंकी हमले के बाद दूसरे दिन भी कमिश्नरेट पुलिस रही हाई अलर्ट

**- कौशांबी, साहिबाबाद, कवि नगर, घंटा घर कोतवाली, सिहानी गेट, देहात के थानाक्षेत्रों में भी चला सघन चेकिंग अभियान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दिल्ली आतंकवादी हमले के बाद मंगलवार को भी अलर्ट मोड रहा। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी अलर्ट मोड पर रहे। वहीं एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी पुलिस बल के साथ अलग-अलग थानाक्षेत्रों और जोन में नजर आए। वहीं गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन कौशांबी, साहिबाबाद आरआरटीएस, कौशांबी बस अड्डा रोडवेज ,सिहानी गेट के मॉल, बस अड्डा, राज नगर एक्सटेंशन की सोसाइटियों की पार्किंग तो जीटी रोड पर मॉल पार्किंग से लेकर लोनी और मोदी नगर जैसे संघन आबादी वाले इलाकों में भी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्धों की तलाश की गई, तो पुलिस के अधिकारी भी हाई अलर्ट मोड पर देखे गए हैं।



### पुलिस हर कॉल पर कर रही है रिस्पांस : सीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि दिल्ली में हुए आतंकवादी घटना के बाद पुलिस हर कॉल पर रिस्पांस कर रही है। इसके साथ ही पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमणशील हैं। सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और संवेदनशील पुलिस की निगरानी में भी हैं।



### बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी जांच में आया नजर

करंट क्राइम : मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की स्पेशल टीम के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच एवं तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध नजर आ रहे वाहनों और लोगों की जांच की गई। साथ ही लोगों से भी किसी भी तरीके के संदिग्ध नजर आने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है। कुल मिलाकर दिल्ली में बम धमाके के बाद गाजियाबाद पुलिस सोमवार की तरह मंगलवार को भी अलर्ट मोड पर देखी गई है।





### दिल्ली में बम ब्लास्ट, लोनी निवासी दाऊद भी घायल

करंट क्राइम : राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए भीषण बम ब्लास्ट ने शहर में दहशत का माहौल बना दिया। इस धमाके में कई लोग घायल हुए और कुछ की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के रहने वाले दाऊद भी शामिल हैं। दाऊद ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह घटना के समय अपनी मोटरसाइकिल पर मीना मार्केट की ओर जा रहे थे। उन्होंने कहा, मैं जैसे ही रेड लाइट पर पहुंचा, अचानक जोरदार धमाका हुआ। चारों ओर धुआं फैल गया, लोग घबरा कर भागने लगे। कई लोग जमीन पर गिर पड़े, कुछ गंभीर रूप से घायल थे और कुछ की हालत बेहद नाजुक दिख रही थी। दाऊद के अनुसार धमाके में उनके पैर में चोटें आईं, जिससे वे मौके पर ही गिर गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें प्राथमिक उपचार मिला और बाद में वे अपने घर पहुंच सके।







# दिल्ली धमाके के बाद सुबह-तड़के पीएम हुए भूटान के लिए रवाना, कहा-
# दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : मोदी



**कार ब्लास्ट में यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत मामला दर्ज**



**मस्जिद के पास पार्किंग में तीन घंटे खड़ी रही थी कार**



**जिस कार से हुआ धमाका, वह कई बार बिकी... पुलवामा से भी जुड़े तार**



**अफगान सरकार ने दिल्ली विस्फोट की निंदा की**

## दिल्ली में धमाके वाली कार गुरुग्राम में रजिस्टर्ड है, सात बार बेची जा चुकी है

**दिल्ली धमाके के जख्मों से दहशत में लोग, ऐसा लगा भूकंप आया हो**

**शवों के चीथड़े चारों ओर बिखरे... धमाके के बाद गुल हो गई इलाके की बिजली**

### दिल्ली विस्फोट में मृतकों का आंकड़ा 12 तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया।



**'दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा'** :पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।'

सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किले के नजदीक एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं।

## दिल्ली ब्लास्ट में बड़ा खुलासा: फरीदाबाद में छापामारी से डर गया था आतंकी डॉ. उमर!... हड़बड़ी में किया धमाका

**'दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, जल्द जारी की जाएगी जांच रिपोर्ट', दिल्ली ब्लास्ट पर बोले राजनाथ सिंह**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि फरीदाबाद में हुई कार्रवाई के बाद संदिग्ध डॉक्टर उमर मोहम्मद डर गया था। इसी हड़बड़ी में उसे दिल्ली में धमाके को अंजाम दे डाला। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कार में आईईडी लगाया गया था। यह आत्मघाती हमला था। जांच में यह बात भी सामने आई है कि ब्लास्ट के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं।




वहीं, घटनास्थल से कार में मिले शव का दिल्ली पुलिस डीएनए टेस्ट करवाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार में सवार शख्स डॉक्टर उमर मोहम्मद ही था या कोई और था। खुफिया एजेंसियों को शक है कार में उमर ही था। इसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।

**दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी, पुलवामा से एक शख्स हिरासत में**

फरीदाबाद से भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट के बरामद होने के बाद एजेंसियां डॉक्टर उमर मोहम्मद की तलाश में जुटीं थीं। जांच में सामने आया है कि कार को चला रहे व्यक्ति का फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से भी संबंध था। सूत्रों के अनुसार, पुलवामा निवासी और डॉक्टर उमर मोहम्मद कथित तौर पर उस हुंडई 20 कार को चला रहा था जिसका इस्तेमाल लाल किला मेट्रो स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र के पास हुए विस्फोट में किया गया था।



**धमाके से ठीक पहले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया... काला मास्क पहने था संदिग्ध कार चालक**



**बड़ा खुलासा, आतंकी मसूद की बहन ने सौंपी थी 'महिला विंग' की कमान**



**आतंकी उमर का दोस्त डॉक्टर सज्जाद अहमद हिरासत में**



## फरीदाबाद से चार दिन पहले ही खरीदी गई थी कार, हिरासत में लिया डीलर



**दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद माता वैष्णो देवी मंदिर और जम्मू शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई**



**पश्चिमी यूपी में कई ठिकानों पर छापेमारी, 7 लोगों से की जा रही पूछताछ**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास लाल बत्ती पर हुए ब्लास्ट में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। धमाके में इस्तेमाल आई20 कार फरीदाबाद के डीलर से चार दिन पहले ही खरीदी गई थी। डीलर को दिल्ली पुलिस अपने साथ ले गई है।

फरीदाबाद के सेक्टर 37 में रॉयल कार जोन के कार डीलर सोनू का ऑफिस है। इसने ओएलएक्स पर कार सेल की विज्ञापन पोस्ट किया था। इसके बाद कार बिकी। फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सोनू को पकड़कर दिल्ली स्पेशल सेल के हवाले कर दिया गया है। लाल किले के सामने जिस आई-20 कार में धमाका हुआ है वह वह हरियाणा की है। ये कार गुरुग्राम नॉर्थ आरटीओ पर यह कार रजिस्टर्ड बताई जा रही है। यह एक साल में सात बार बेची जा चुकी है। पुलिस ने पुष्टि की कि यह धमाका सुनियोजित आतंकी साजिश का नतीजा था। मौके से बरामद मलबे में आईईडी के अवशेष मिले हैं।

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनेगी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती : मयंक गोयल

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जन, जंगल और जमीन के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जायेगी।





भाजपा के तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह 13 नवंबर को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

यह कार्यक्रम हिंदी भवन में सुबह 10 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम का संयोजक भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह, पूर्व निगम पार्षद तथा सफाई कर्मचारी नेता प्रदीप चौहान को बनाया गया है। इसके अलावा संयोजक के रूप में वेद प्रकाश जाटव को टीम में लिया गया है।

## किसान यूनियन का दो दिन से धरना जारी गाजियाबाद के दो शोरूमों पर काम ठप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन का गाजियाबाद में एक बड़ी कार कंपनी के खिलाफ आंदोलन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने कंपनी के सिटी स्थित शोरूम के बाद अब ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लिंक रोड थाना अंतर्गत साइट-4, साहिबाबाद स्थित सर्विस सेंटर पर भी निश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पूरा मामला एक गाड़ी के इंजन खराब होने को लेकर उपजे विवाद से शुरू हुआ था, जो अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है।

किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने वार्ता करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद मेरठ रोड स्थित शोरूम पर मंगलवार को भी काम बंद रहा और अब ट्रांस हिंडन सर्विस सेंटर पर भी काम पूरी तरह ठप हो गया है। किसानों का कहना है कि जब तक कंपनी दोषपूर्ण वाहन के मामले में उचित समाधान नहीं देगी, धरना जारी रहेगा। इस बीच, पुलिस और प्रशासन दोनों ही पक्षों में मध्यस्थता के प्रयास में जुटे हैं, लेकिन अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार धरने की वजह से इंडस्ट्रियल एरिया में ट्रैफिक प्रभावित हुआ है। वहीं, कंपनी प्रबंधन ने फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव का अंतिम संग्राम

### नीतीश या तेजस्वी प्रण, मुकाबला राजनीतिक भावनाओं के बीच फंसा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। मुकाबला अब सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन के बीच का नहीं रहा, बल्कि दो बिल्कुल अलग राजनीतिक भावनाओं के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशासनिक पकड़ और अनुभव है, तो दूसरी तरफ तेजस्वी यादव का नौकरी केंद्रित और आक्रामक युवा अभियान।

इन दोनों प्रमुख ध्रुवों के साथ तीसरी और बेहद प्रभावशाली धारा बह रही है...नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति की अनकही लहर। यह सहानुभूति किसी प्रचार से नहीं, बल्कि सड़क, बिजली, कानून-व्यवस्था जैसे बुनियादी सुधारों को दो दशकों में जमीन पर उतारने वाले नेता के प्रति जनता की भावनात्मक स्वीकृति से उपजी है। यह एक्स-फैक्टर इस चुनाव के समीकरणों को चुपचाप बदलने की ताकत रखता है। तेजस्वी का युवा जोश इससे टकराकर बाजी अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटा है। मंगलवार को दूसरे और अंतिम चरण



में 122 सीटों के लिए होने वाले मतदान में ये तत्व ज्यादा असरदार होंगे।

### नीतीश कुमार: स्थिरता का मजबूत आवरण

एंटी-इन्कम्बेंसी पर सहानुभूति का कवच: नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए के पक्ष में सबसे बड़ी पूंजी उनका लंबा प्रशासनिक अनुभव और लोगों में उनके प्रति बना सम्मान है। नीतीश का आखिरी चुनाव है और बिहार में जो भी उन्होंने किया है, उसके प्रति हर वर्ग और क्षेत्र में उनके मुरीद हैं।

20 वर्ष के शासन के बावजूद, नीतीश के खिलाफ कोई कठोर सत्ता विरोधी लहर नहीं दिखी। ग्रामीण और बुजुर्ग मतदाताओं में उनकी उम्र, थकान और विनम्रता ने हमरा आदमी (हमारा आदमी) वाली भावना पैदा की, जो सहानुभूति का मजबूत राजनीतिक आवरण बन गई।

विकास का यथार्थवादी ट्रैक रिकॉर्ड: हर घर नल-जल, सड़क, पानी और महिला सुरक्षा जैसे जमीनी सुधारों ने ऐसा यथार्थवादी दृष्टिकोण बनाया है कि मतदाता उन्हें प्रशासन चलाना जानने वाला नेता मानते हैं। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों के बीच यह भावना स्थिरता और प्रशासनिक समझ के पक्ष में वोट को सुरक्षित करने का काम करती है। सुशासन बाबू की नीतीश की छवि उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## 'उनको पहचानिए जो योजनाओं का सबसे पहले लाभ लेते हैं और वंदे मातरम का विरोध करते हैं', सीएम योगी

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जो वंदे मातरम का विरोध करते है उनके चेहरे पहचानिए। ये वही लोग है जो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहली कतार में खड़े होते हैं। योगी ने कहा कि कांग्रेस तो चाहती ही नहीं थी कि लौह पुरुष सरदार पटेल का सम्मान हो। मुख्यमंत्री बाराबंकी के फतेहपुर कस्बे में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंच पर आते ही उन्होंने सियावर रामचंद्र की जय के साथ संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपसी मनमुटाव हो सकता है। मगर राष्ट्रीय एकता की बात हो तो सब एक हों। मतभेद भूलें। मुख्यमंत्री



का हेलीकॉप्टर सुबह करीब 10:30 बजे फतेहपुर स्थित अस्थायी हेलीपैड पर उतरा जहां जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने आगमन के तुरंत बाद हेलीपैड के समीप स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वे कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए, जहां सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित विशाल समारोह में मंच से संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 1734 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें सड़क, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। मंच पर पहुंचने के बाद भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## दिल्ली में लागू हुआ ग्रेप-3

### दिल्ली का एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंचा




**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण (स्टेज 3) को लागू कर दिया है। इस फैसले के बाद अब (बीएस-3) पेट्रोल और (बीएस-4) डीजल गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से ऊपर पहुंच गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है।

**पुराने वाहनों पर पूरी तरह रोक :** ग्रेप-3 लागू होने के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों का संचालन दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## दिल्ली ब्लास्ट में मौत: बेटे का शव देखते ही बिलख पड़ी मां, बोली-मैं अब किसके सहारे जिऊंगी?

**मेरठ।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। उन्हीं में एक नाम है मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की शाहजहां कॉलोनी निवासी मोहसिन का। मोहसिन की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। परिवार ने बताया कि मोहसिन बीते दो साल से दिल्ली के दरियागंज इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ रह रहा था। वह वहां ई-रिक्शा चलाकर रोजाना परिवार का जीवन चलाता था।

परिजनों के अनुसार, मोहसिन मेहनती और शांत स्वभाव का था। मेरठ में परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिसके चलते वह बेहतर काम की तलाश में दिल्ली गया था। वहां उसे



रिक्शा मिल गया और उसकी दैनिक आय से घर का खर्च किसी तरह चलने लगा। परिवार ने बताया कि अक्सर वह पैसे कम पड़ जाने पर खुद कम खाता और बच्चों की जरूरतें पहले पूरी करता था।

घटना वाले दिन भी मोहसिन रोज की तरह रिक्शा लेकर निकला था। घटना के समय वह किसी सवारी को लेकर जा रहा था, जब अचानक धमाका हुआ। घटनास्थल से उसे गंभीर अवस्था में ले जाया गया, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।




# नहीं हुई कोर की बैठक और नहीं दिख रहा एक जुटता का पैगाम आयेगी चुनाव की नौबत और सबके हैं अपने-अपने नाम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस नगर निगम में सबसे प्रचंड बहुमत भाजपा के पास है। उस नगर निगम के सदन में सीन ये हो गया है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए चुनाव की नौबत आ गई है। 100 में से 75 पार्षद भाजपा के हैं मेयर भाजपा की हैं और फिर ऐसा क्या हुआ कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर कोर कमेटी की बैठक ही नहीं बुलाई गई। बताया ये जाता है कि महानगर अध्यक्ष ने इस विषय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार किया। वो नाम आने का कोर की बैठक बुलाने के निर्देश का इंतजार करते रहे। आज निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव है। अगर संगठन की तरफ से कोई नाम नहीं आया और मेयर ने अपनी तरफ से कोई नाम दिया तो इस बात की संभावना जताई जा रही है कि फिर निगम कार्यकारिणी सदन में चुनावी घमासान आ जायेगा। पार्षद पार्टी के सिपाही हैं, संगठन के अनुशासन की बात कर रहे हैं लेकिन उनका कहना है कि अगर संगठन के अलावा कोई और नाम आया तो हम भी चुनाव लड़ने के लिए फ्री हैंड हो जायेंगे। कुल मिलाकर सार ये है कि वो चुनाव लड़ेंगे। सबके अपने अपने नाम है और पार्षद एकजुटता का कोई पैगाम नहीं है। ऐसे में चुनाव आने की नौबत बन रही है।

वहीं जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर एक दूसरे के पाले में गेंद डालते नजर आये। सभी ने संगठन के कंधे पर बंदूक रखी और खुद की लोकेशन किसी ने लखनऊ तो किसी ने आउट ऑफ स्टेशन बताई। खबर लिखे जाने तक भी न कोर कमेटी का नाम आया था और ना ही लखनऊ संगठन से कोई नाम दिया गया था। ऐसे में सियासी जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले सीन का रायता फैल गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम नहीं आया। जनप्रतिनिधियों ने साफ कह दिया कि हमसे संगठन मागेगा तो नाम देंगे और स्थानीय संगठन ने इस मामले में प्रदेश और क्षेत्रीय की तरफ गेंद उछाल दी। ऐसे में आज मामला रोचक रहेगा। हालांकि आज यानी सुबह 11 बजे तक भी अगर कोई नाम लखनऊ संगठन से आ गया तो यहां फिर उस नाम पर मुहर लगेगी। लेकिन जब तक तय नहीं हो रहा तब तक गेंद हवा में है।

## पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन में हैं पांच कार्यकारिणी सदस्य

करंट क्राइम। विधायक कह चुके हैं कि हम केवल संगठन को सुझाव देंगे। एक विधायक ने कहा कि हमसे नाम ही नहीं मांगे गये। संगठन वालों ने कह दिया कि सर्वसहमति बनाने की कोशिश करेंगे। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि चुनाव होगा। क्योंकि पार्षद फ्री हैंड की स्थिति में चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि इस समय एक नया मोर्चा पार्षदों की नई यूनियन पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने खोला हुआ है। ये एक ऐसी एसोसिएशन है जो निगम के पूरे सेशन में किसी को टेंशन दे रही है। सूत्र बताते हैं कि पार्षद एसोसिएशन में ही पांच कार्यकारिणी सदस्य हैं। यानी निगम कार्यकारिणी की पांच वोट एक मुश्त हैं और ये जिसके साथ चली गईं वो चुनाव का गणित बिगाड़ देगा। क्योंकि अगर पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन का उम्मीदवार आया तो उसे जीतने के लिए केवल दो वोट की जरूरत पड़ेगी। दो वोट का जुगाड़ अगर पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने कर लिया तो फिर यहां फ्री हैंड उम्मीदवार भी पूरे सिस्टम का बैंड बजा देगा।








## अगर मेयर ने दिया नाम तो फिर हम लड़ेंगे चुनाव : प्रवीण चौधरी

करंट क्राइम। नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य और भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी भी उपाध्यक्ष चुनाव की पूर्व संध्या पर एक्शन में नजर आये। द ईवनिंग बिफोर इलैक्शन प्रवीण चौधरी ने कहा कि हम सबसे पहले संगठन के सिपाही हैं और संगठन के आदेशों का पालन करेंगे। संगठन जिसे चुनाव लड़ाने के लिए कहेगा उसे चुनाव लड़ायेंगे। अगर संगठन की तरफ से कोई नाम नहीं आता है तो फिर हम इस चुनाव में आयेंगे। हम चुनाव लड़ेंगे। अगर चुनावी प्रक्रिया में मेयर एक पक्ष बनेंगी तो हम भी फिर दूसरा पक्ष बनकर चुनाव लड़ेंगे।

## सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के लिए पूरा प्रयास : सतेन्द्र सिसौदिया



करंट क्राइम। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि नगर निगम का सदन हमारा है। यहां बहुमत हमारा है और ये तय है कि जो भी उपाध्यक्ष बनेगा वो भाजपा का ही बनेगा। चुनाव की अटकलों को लेकर उन्होंने कहा कि संगठन का प्रयास यही है कि सर्वसम्मति से नाम तय हो जाये। सबकी सहमति रहेगी। कोर नहीं हो पाई है लेकिन अगर हाईकमान से कोई नाम आयेगा तो फिर उसे चुनाव लड़ाया जायेगा।

## पहले होगा उपाध्यक्ष का चुनाव फिर होगी कार्यकारिणी की बैठक : मेयर सुनीता दयाल

करंट क्राइम। नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल ने आज होने वाली कार्यकारिणी बैठक को लेकर एक कन्फर्म किया कि कार्यकारिणी की बैठक होगी और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी चुना जायेगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्य नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तय होने के बाद नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक नगर निगम सभागार में होगी।

## सबके हैं अपने अपने फेस और यहीं फंसा है पेंच

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ कि उपाध्यक्ष पद के लिए बिना कोर के ही भाजपा जोर लगा दे। अब तक ये परम्परा रही है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिए नाम संगठन की तरफ से आता है और ये नाम सर्वसहमति से तय होता है। सूत्र बताते हैं कि यहां सबके अपने अपने फेस हैं और इसी बात को लेकर पेंच फंस गया है। शहर विधायक का नाम विनील दत्त की लिस्ट का है और इस नाम को नदिया पार वालों का भी नाम बताया जा रहा है। बताने वाले बता रहे हैं कि इस नाम को सांसद और मेयर का भी आशीर्वाद मिला है। वहीं विधायक जी वाले नामों में देव नारायण शर्मा का भी नाम है और यहां पर एक विधायक तो ऐसे हैं जिनका स्नेह और पुराना नाता हर नाम से है। विधायक जी जब अध्यक्ष रहे थे तो विनील दत्त के पिता सुनील दत्त से उनके आत्मीय रिश्ते रहे। विधायक जी जब अध्यक्ष थे तो अमित त्यागी उनकी टीम में मीडिया प्रभारी थे। विधायक जी जब 2007 में चुनाव लड़े थे तो देव नारायण शर्मा ने पूरा सपोर्ट किया था और विधायक जी से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। गौरव सौलंकी तो नाम ही विधायक जी का माना जाता है। जहां तक बात प्रवीण चौधरी की है तो वह विधायक जी के छोटे भाई की तरह है ऐसे में हर चेहरा उनका है। इसी तरह सीन फंसा हुआ है और पेंच यही है कि कौन किसका फेस है।

## संगठन के अलावा कोई नई परम्परा नहीं शुरू होने दी जायेगी : मयंक गोयल

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होना है और भाजपा में पहले से ये परम्परा रही है कि चाहे कार्यकारिणी सदस्य हों, चाहे कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हों, चाहे वो जीडीए बोर्ड सदस्य हों सभी का नाम भाजपा की कोर कमेटी में फाईनल होता है और फिर उसी के अनुरूप सब काम होते हैं। आज कोर कमेटी की बैठक है और मंगलवार की शाम तक कोई कोर कमेटी की बैठक नहीं हुई। इस पूरी स्थिति को लेकर करंट क्राइम ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की तो उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और अनुशासन के दायरे में हम सब आते हैं। कोर कमेटी सर्वसम्मति से फैसला ले और उसी के अनुसार आगे का निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की परम्परा के अनुसार निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के उम्मीदवार चेहरे का निर्णय होगा। इसके अलावा कोई भी नई परम्परा शुरू होने नहीं दी जायेगी।

## संगठन का फैसला सर्वोपरि मगर फ्री हैंड की स्थिति में लड़ाऊंगा चुनाव : गौरव सौलंकी

करंट क्राइम। गौरव सौलंकी नगर निगम पार्षद हैं और हाउस टैक्स वृद्धि विरोध आंदोलन में वो सबसे आगे रहे हैं। गौरव सौलंकी नदिया पार का चेहरा हैं और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव में उनके फेस को इस रेस का मजबूत खिलाड़ी माना जा रहा था। सूत्र बताते हैं कि उन्होंने खुद को बैकफुट पर किया और अब वो चुनाव लड़ाने वाले सीन में हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में गौरव सौलंकी ने कहा कि हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है। संगठन जिसे भी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ायेगा, हम मिलकर तन मन धन से उसे चुनाव लड़ायेंगे। यहां उन्होंने स्पष्ट किया कि मुकाबला फ्री हैंड होने की स्थिति में वो देव नारायण शर्मा के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीधा सा कैलकुलेशन ये रहेगा कि जिसके पास भी वोट हैं वो चुनाव लड़ जाये।

## संगठन की प्रक्रिया का होना चाहिए पालन : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि नगर निगम सदन में भाजपा का बहुमत है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। लिहाजा ये तय है कि जो भी उपाध्यक्ष बनेगा वह भाजपा का बनेगा। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और यहां संगठन सर्वोपरि है। ऐसे में अनुशासन और एकता का संदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी के फैसले का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रक्रिया का पालन होना चाहिए।

**सियासी जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले सीन का रायता फैल गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम नहीं आया। जनप्रतिनिधियों ने साफ कह दिया कि हमसे संगठन मागेगा तो नाम देंगे।**

## इस रूट की सभी लाईन व्यस्त हैं : अजीत पाल त्यागी

करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी से भी करंट क्राइम ने कोर कमेटी और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उम्मीदवार को लेकर सम्पर्क करने का प्रयास किया। उनकी राय जानने के लिए जब भी फोन किया गया तो उस पर यही जवाब था कि इस रूट की सभी लाईन व्यस्त हैं।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के अलावा तीसरा व्यक्ति हमसे नहीं ले सकता सुझाव : सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें संगठन से लेकर सरकार तक अनुभव है। वो संगठन में अध्यक्ष रहे हैं और सरकार में मंत्री हैं। उनके बारे में ये आम कार्यकर्ताओं की धारणा है कि हमेशा डाउन टू अर्थ रहते हैं और कार्यकर्ता से जुड़ी हर बात में वो रूचि लेते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर बात की तो उन्होंने कहा कि यह संगठन का विषय है। कोर कमेटी को लेकर उन्होंने कहा कि हमसे किसी ने कोई बात नहीं की है। कौन कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनेगा ये हमारा नहीं संगठन का विषय है। जहां तक सलाह लेने की बात है तो क्षेत्रीय अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष हमसे सुझाव ले सकते हैं। इसके अलावा कोई तीसरा व्यक्ति इस विषय पर हमसे सलाह नहीं ले सकता।

# संविधान के संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार है ममता बनर्जी का विरोध : बालेश्वर त्यागी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ने कहा है कि चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 प्रदेशों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें पश्चिम बंगाल सबसे चुनौतीपूर्ण राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पुनरीक्षण के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर विरोध करना न केवल अनुचित है, बल्कि संविधान के संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश में एक ही चुनाव आयोग है, जिसका कार्य मतदाता सूची तैयार करना और समय-समय पर उसका पुनरीक्षण कर उसे त्रुटिहीन बनाए रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई वैध नागरिक सूची से छूटे नहीं और कोई अवैध नाम उसमें बना न रहे।'

उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदेश सरकार या मुख्यमंत्री इस कार्य में बाधा डालने का प्रयास करते हैं, तो यह न केवल अवैधानिक कृत्य है बल्कि संघीय ढांचे को तोड़ने की कोशिश भी है। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि 'इस पुनरीक्षण कार्य में बंगाल सरकार के कर्मचारी ही घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने, मृतक मतदाताओं या स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने का कार्य करेंगे। ये कर्मचारी ममता बनर्जी सरकार के अधीन हैं, ऐसे में स्वाभाविक है कि यदि मुख्यमंत्री स्वयं इस कार्य का विरोध करेंगी तो निष्पक्ष पुनरीक्षण पर प्रभाव पड़ेगा।'

उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि 'अब केंद्र का दायित्व है कि वह संघीय ढांचे की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करे। यदि ममता बनर्जी सरकार के दबाव में मतदाता सूची का निष्पक्ष पुनरीक्षण नहीं हुआ तो केंद्र सरकार कमजोर मानी जाएगी। ऐसी स्थिति में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाकर ही मतदाता सूची का निष्पक्ष और गहन पुनरीक्षण कराया जाना चाहिए।'



**पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के विचारों से प्रमुख बिंदु**

- चुनाव आयोग ने 12 प्रदेशों में गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, बंगाल सबसे चुनौतीपूर्ण राज्य है।
- चुनाव आयोग की स्वतंत्रता संविधान द्वारा संरक्षित है, किसी प्रदेश सरकार का हस्तक्षेप अनुचित है।
- बंगाल सरकार के अधीन कर्मचारी निष्पक्ष पुनरीक्षण नहीं कर पाएंगे, ऐसी आशंका है।
- केंद्र सरकार को संघीय ढांचे की रक्षा के लिए राष्ट्रपति शासन तक लगाने पर विचार करना चाहिए।

# बार एसोसिएशन चुनाव : अध्यक्ष के लिए छह और सचिव पद पर चार नाम हुए फाइनल

## 14 नवंबर को होगा बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्ष 2025-26 के कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। दो दिनों तक चली नामांकन की प्रक्रिया में जहां अध्यक्ष पद में 6 दावेदार सामने आए हैं और उन्होंने नामांकन किया है। इसमें मंगलवार को राकेश त्यागी निवाड़ी, मुनीष कुमार त्यागी और नरेश चौधरी ने नामांकन पत्र भरा है। तो सोमवार को ब्रह्मदेव त्यागी, अतुल्य शर्मा और चंद्रकांत शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की थी। वहीं सचिव पद के लिए मंगलवार को हरेंद्र कुमार गौतम, वरुण त्यागी और स्नेह कुमार त्यागी ने पर्चा भरा है। तो सोमवार को शशिकांत भाटी ने सचिव पद की दावेदारी पेश की थी। कुल मिलाकर अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं सचिव पद पर चार अधिवक्ताओं ने घोषणा की है। अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद का कार्यकारिणी चुनाव 14 नवंबर को होगा, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान करेंगे।

## इन प्रत्याशियों ने किया है नामांकन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी चुनाव में एल्डर कमेटी में शामिल डॉ. शबनम खान ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष पद के लिए राकेश त्यागी निवाड़ी, मुनीष कुमार त्यागी, नरेश चौधरी, ब्रह्मदेव त्यागी, अतुल्य शर्मा और चंद्रकांत शर्मा ने नामांकन किया है। तो वहीं सचिव पद पर शशिकांत भाटी, हरेंद्र कुमार गौतम, वरुण त्यागी, स्नेह कुमार त्यागी के नाम हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में अशोक चौधरी आदेश कुमार गर्ग, श्रीमती पंकज श्रीवास्तव व ओम प्रकाश सिंह सामने आए हैं। इसके साथ ही कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए विनय पंवार, मोनू सेठी, अतुल त्यागी, रूचिन मेहरा का नाम है। कोषाध्यक्ष के लिए पूनम गुप्ता, सचिन कुमार सेन, नरेश कुमार शर्मा, संजय कश्यप और खुशनुमा प्रवीण का नाम आया है। तो सह सचिव प्रशासन में गुलफाम सिद्दीकी, रिचा सिंह, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार ने नामांकन किया है। सह सचिव पुस्तकालय के लिए पंडित राजेंद्र कुमार गौतम, अमित पाल और मयंक श्रीवास्तव ने दावेदारी पेश की है।

## कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री भी करेंगे मतदान

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद का 14 नवंबर को मतदान है और इस मतदान में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ कई जनप्रतिनिधि भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री एवं विधायक रहे बालेश्वर त्यागी के साथ ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर सीट से अजीत पाल त्यागी मतदान करेंगे।

## संपादकीय

# आतंक पर प्रहार

सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इतने बड़े पैमाने पर ज्वलनशील पदार्थ का मिलना कई सवाल खड़े करता है। एनसीआर में जगह-जगह पुलिस की ओर से सुरक्षा नाके लगाए गए हैं। आतंकवाद वैश्विक स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। आतंकी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए साजिशों के नए-नए जाल बुनते हैं, जिन्हें भेद पाने में सुरक्षा एजंसियों को भी कड़ी चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा एजंसियों को इसी तरह के एक अंतरराज्यीय आतंकी संजाल का भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है, जिसमें आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस साजिश की भयावहता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आरोपियों के ठिकानों से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए हैं। यानी वे किसी बड़े खौफनाक हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस का दावा है कि आतंकियों का यह तंत्र पाकिस्तान की धरती से संचालित होने वाले जैश-ए-मोहम्मद और आइएसआइएस से संबंधित अंसार गजवातुल-हिंद से जुड़ा हुआ था, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सक्रिय था। सवाल है कि इस गिरोह से जुड़े लोग इतने बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ और हथियार जमा करने में कैसे कामयाब हो गए? सुरक्षा और खुफिया एजंसियों को इनकी गतिविधियों की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई?

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस तथा केंद्रीय एजंसियों के साथ विशेष अभियान चलाकर इस आतंकी तंत्र का पदार्फाश किया है। खास बात यह है कि इस गिरोह के जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया, उनमें एक विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक और एक चिकित्सक भी शामिल हैं। साफ है कि आतंकी संगठन पढ़े-लिखे लोगों को भी अपने साथ जोड़ रहे हैं, ताकि किसी हिंसक वारदात को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया जा सके। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में से एक के दिल्ली से सटे फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 360 किलोग्राम ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इतने बड़े पैमाने पर ज्वलनशील पदार्थ का मिलना कई सवाल खड़े करता है। एनसीआर में जगह-जगह पुलिस की ओर से सुरक्षा नाके लगाए गए हैं, इसके बावजूद विस्फोटक पदार्थ की इतनी बड़ी खेप आखिर वहां कैसे पहुंचाई गई? क्या खुफिया और सुरक्षा एजंसियों की जांच का व्यवस्थागत तंत्र इतना कमजोर है कि वह वास्तविक समय पर आपराधिक गतिविधियों को पकड़ पाने में सक्षम नहीं है? गिरफ्तार आठ में से सात कश्मीर और एक उत्तर प्रदेश का निवासी गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर के हैं, जबकि एक उत्तर प्रदेश का निवासी है। सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि जांच में दो आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तान के कई नंबर पाए गए हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

## राशिफल

**मेष:** रचनात्मक शौक आज आपको सहज महसूस कराएंगे। जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, उन्हें नजरअंदाज करना बेहतर है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आपका मन बहुत प्रसन्न रहेगा। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। व्यापार में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** मित्र से मतभेद बढ़ सकते हैं और व्यवसाय में मुश्किलें आ सकती हैं। साझेदारी के लिए समय अच्छा है, नौकरीपेशा लोगों के प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज अपने उच्च स्तर की ऊर्जा को अच्छे कार्यों में लगाएं। कुछ भी खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें जो आपके पास पहले से हैं।

**सिंह:** दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आज आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन नियमित व्यायाम करते रहें। पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या:** प्रेम के मामले में भी सफल साबित हो सकते हैं, परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध रहेंगे। रुके हुए काम जल्द पूरे होंगे।

**तुला:** स्वास्थ्य से जुड़ा मामला हो तो नजरअंदाज न करें और सावधान रहना चाहिए। खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें और जरूरी चीजें ही खरीदें।

**वृश्चिक:** आज दिन सकारात्मक रहेगा। आपकी सेहत पहले की तुलना में ठीक रहेगी। आज किसी से तेज आवाज में बात न करें, रिश्तों में खटास आ सकती है।

**धनु:** आपके शत्रु आपको हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे लेकिन सफल नहीं होंगे। जीवन में सभी तरह की परेशानियां खत्म होंगी। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**मकर:** खाली समय का भरपूर आनंद उठा पाएंगे। बुद्धिमानी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा इसलिए मेहनत की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें।

**कुंभ:** आज कोर्ट से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा किसी व्यक्ति से विवाद हो सकता है। नया काम आपको लाभ दिलाएगा।

**मीन:** आज माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आज आपके रहने की स्थिति कठिन होगी। बेहतर होगा कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध की रणनीति बनाकर कदम आगे बढ़ाएं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार निवेश चक्र रहेगा मजबूत: एचएसबीसी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार के संकेत दिख रहे हैं। उम्मीद है कि नवीकरणीय ऊर्जा और इससे संबंधित सप्लाई चेन में अधिक निजी निवेश, उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी घटकों के स्थानीय उत्पादन व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका, इस विकास को गति देगी।

भारत की अर्थव्यवस्था में अब सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू विकास चक्र अपने निचले स्तर से ऊपर उठने की ओर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम ब्याज दरें, पर्याप्त तरलता, कच्चे तेल की गिरती कीमतें और सामान्य मानसून जैसे कारक आने वाले महीनों में विकास को रफ्तार दे सकते हैं। आने वाले वर्षों में भारत का निवेश चक्र मजबूत रहने की संभावना

लेकिन मध्यम अवधि में भारत का निवेश चक्र मजबूत बना रहने की संभावना है। इसमें बताया गया है कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ता निवेश, निजी क्षेत्र की निवेश गतिविधियों में तेजी और रियल एस्टेट सेक्टर में सुधार इस रुझान को आगे बढ़ाएंगे।

### इन कारकों से विकास को मिलेगी गति

एचएसबीसी को उम्मीद है कि नवीकरणीय ऊर्जा और इससे संबंधित सप्लाई चेन में अधिक निजी निवेश, उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी घटकों के स्थानीय उत्पादन व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका, इस विकास को गति देगी। रिपोर्ट के अनुसार निफ्टी का मूल्यांकन अपने 10-वर्षीय औसत से थोड़ा ऊपर हैं। आने वाले वर्षों में यह भारतीय इक्विटी के लिए सकारात्मक बना हुआ है।

### रिपोर्ट में चुनौतियों का जिक्र

हालांकि रिपोर्ट में ऐसे कारकों का भी जिक्र है, जो विकास की गति पर असर डाल सकती है। कमजोर वैश्विक विकास दर से भविष्य में मांग पर दबाव बने रहने की संभावना है। इसके अलावा, वैश्विक नीतिगत अनिश्चितता, जिसमें टैरिफ का जोखिम, कुछ देशों की व्यापार नीतियां और चल रहे भू-राजनीतिक संघर्ष शामिल हैं।

# गुजरात के खावड़ा में बनेगी देश की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना, अदाणी समूह ने किया ऐलान

**गुजरात।** अदाणी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावॉट क्षमता वाला देश का सबसे बड़ा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रोजेक्ट स्थापित करने की घोषणा की है। यह परियोजना 2026 तक शुरू होगी और नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक स्थिर और विश्वसनीय बनाने में मदद करेगी।

अदाणी ग्रुप ने मंगलवार को बैटरी बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। समूह गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावॉट / 3,530 मेगावॉट-घंटा (टहँ) क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) स्थापित करेगा। यह परियोजना न केवल भारत की सबसे बड़ी, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान ऊर्जा भंडारण प्रोजेक्ट्स में से एक होगी।

### परियोजना को मार्च 2026 तक चालू करने का लक्ष्य





कंपनी के अनुसार, इस अत्याधुनिक सुविधा में 700 से अधिक बैटरी कंटेनर लगाए जाएंगे और इसे मार्च 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। यह यूनिट खावड़ा में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा कॉम्प्लेक्स का हिस्सा होगी।

### नवीकरणीय ऊर्जा को स्थिर बनाएगा बीईएसएस सिस्टम

बैटरी स्टोरेज सिस्टम का उद्देश्य सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह तकनीक बिजली को तब उपयोग के लिए सहेजती है, जब उत्पादन कम या न के बराबर हो, जैसे रात के समय या कम हवा वाले दिनों में। इससे ग्रिड स्थिरता बढ़ती है, बिजली बिल घटते हैं और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम होती है।

### उन्नत लिथियम-आयन तकनीक का इस्तेमाल

अदाणी समूह ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उन्नत लिथियम-आयन बैटरी तकनीक और एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि बेहतर प्रदर्शन और दक्षता सुनिश्चित हो सके। परियोजना की क्षमता ऐसी होगी कि यह 1,126 मेगावॉट बिजली को लगभग तीन घंटे तक स्टोर और सप्लाई कर सकेगी।

### जानें चेयरमैन गोतम अदाणी ने क्या कहा

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि ऊर्जा भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा आधारित भविष्य की आधारशिला है।

# ओपनएआई में निवेश से सॉफ्टबैंक को जबरदस्त मुनाफा

## दूसरी तिमाही में 2.5 ट्रिलियन येन का रिकॉर्ड लाभ

**नई दिल्ली।** जापान की प्रमुख निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप ने इस साल की दूसरी तिमाही में जबरदस्त मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध लाभ 2.5 ट्रिलियन येन (करीब 16.6 अरब डॉलर) तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। इस बढ़त का मुख्य कारण ओपनएआई में सॉफ्टबैंक की हिस्सेदारी का मूल्य बढ़ना बताया जा रहा है। ओपनएआई वही कंपनी है जिसने चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स बनाए हैं। विश्लेषकों को चौंकाया सॉफ्टबैंक ने विश्लेषकों ने इस तिमाही में केवल 207 अरब येन के लाभ का अनुमान लगाया था, जबकि सॉफ्टबैंक ने उम्मीद से कई गुना ज्यादा 2.5 ट्रिलियन येन का मुनाफा दर्ज किया। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी को



1.18 ट्रिलियन येन का लाभ हुआ था।

कंपनी की विजन फंड इकाई ने अकेले 3.5 ट्रिलियन येन का निवेश लाभ दर्ज किया, जिसमें से 2.16 ट्रिलियन येन ओपनएआई से जुड़े निवेशों से आया है।

### एआई निवेश से मिला बंपर फायदा

एआई तकनीक में तेजी से बढ़ते निवेश और डेटा सेंटर जैसी बुनियादी जरूरतों की मांग ने सॉफ्टबैंक को बड़ा फायदा पहुंचाया है। कंपनी के शेयर भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। हालांकि, कुछ निवेशक इसे लेकर चिंतित हैं कि कहीं यह एआई बुलबुला साबित न हो जाए – यानी भारी निवेश के बावजूद भविष्य में उतना मुनाफा न मिले।

### ओपनएआई में निवेश की कहानी

सॉफ्टबैंक ने मार्च में 300 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ओपनएआई में निवेश किया था। बाद में, अक्तूबर में कंपनी ने ओपनएआई के कर्मचारियों से 500 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 6.6 अरब डॉलर के शेयर खरीदे।

### निवेश के लिए जुटाया गया फंड

इस निवेश के लिए सॉफ्टबैंक ने एनवीडिया के 32.1 मिलियन शेयर बेचकर 5.83 अरब डॉलर जुटाए। इसके अलावा, कंपनी ने अप्रैल से अब तक तीन मुद्राओं में 620 अरब येन, 2.2 अरब डॉलर और 1.7 अरब यूरो के बांड जारी किए। ओपनएआई में निवेश के लिए 8.5 अरब डॉलर का ब्रिज लोन, और सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनी एम्पीयर के अधिग्रहण के लिए 6.5 अरब डॉलर का ब्रिज लोन भी तय किया गया है।

## चुटकुले

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है।
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे।
पिता- कौन सी बुक पढने लगा है तू?
बेटा- फेसबुक।

---

पप्पू: यार मेरा मोबाइल पानी में गिर गया!
गोलू: अब?
पप्पू: अब स्विमिंग मोड ऑन है!
गोलू: भाई, चार्जिंग से पहले तैरने मत देना!

---

खाने में बाल मिलने पर पति अपनी खूबसूरत पत्नी से रोमांटिक अंदाज में बोला...
पति- सजनी, जानेमन जुल्फों को संभाल लिया करो।
पत्नी- शर्माते हुए, आप भी न...
पति- ज्यादा इतराने की जरूरत नहीं है। अगली बार खाने में बाल मिला, तो मां कसम, सौतन ले आऊंगा।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये की पायलट परियोजनाओं के प्रस्ताव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** देश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन से जुड़ी नई प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पायलट परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। मंत्री ने यह घोषणा तीसरे अंतरराष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन सम्मेलन में की। इन परियोजनाओं में खास तौर पर बायोमास से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन जैसी उन्नत तकनीकों पर जोर दिया जाएगा।



### अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील

जोशी ने सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों और निजी कंपनियों से भारत के ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत में ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य उज्ज्वल है, और हम इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता का आधार बनाना चाहते हैं।

पृष्ठभूमि भारत सरकार ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया था, जिसका उद्देश्य स्वच्छ ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा देना और फॉसिल ईंधन पर निर्भरता कम करना है। इस मिशन के तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए 50 लाख मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य तय किया था।

### 2032 तक खिसक सकता है भारत का उत्पादन लक्ष्य

इस बीच, मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी ने बताया कि भारत का 50 लाख मीट्रिक टन (एमएमटी) वार्षिक ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य अब 2030 के बजाय 2032 तक खिसक सकता है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए किया जा सकता है।

### स्वदेशी तकनीक पर जोर

ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ उत्पादन क्षमता बढ़ाना नहीं, बल्कि इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व हासिल करना भी है। उन्होंने बताया कि पायलट परियोजनाओं के माध्यम से देश में नई और किफायती तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा, ताकि ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन को व्यावसायिक स्तर पर लाया जा सके।

# भारत में त्योहारों के दौरान नौकरियों में 17% का इजाफा, गिग-अस्थायी पदों पर नियुक्ति बढ़ी

**नई दिल्ली।** कार्यबल समाधान कंपनी एडेको इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक देश में गिग और अस्थायी पदों पर नियुक्तियों में 25% की सालाना वृद्धि हुई है। दशहरा से पहले और बाद के हफ्तों में खुदरा, ई-कॉमर्स, बीएफएसआई, लॉजिस्टिक्स और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में अस्थायी कर्मचारियों की मांग तेजी से बढ़ी। रिपोर्ट में और क्या कहा गया है, भारत में इस साल के त्योहारी सीजन ने नौकरियों के बाजार में नई जान फूंक दी। अगस्त से अक्तूबर के बीच, खासकर उपभोग से जुड़े क्षेत्रों में नौकरियों की संख्या में 17% का इजाफा देखा गया।



यह बढ़त उपभोक्ताओं की मजबूत भावना, आकर्षक ऑफर्स और देशभर में फैले बाजार की पहुंच के कारण देखने को मिली।

### गिग और अस्थायी नौकरियों में 25% की बढ़त

कार्यबल समाधान कंपनी एडेको इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गिग और अस्थायी पदों पर नियुक्तियों में 25% की सालाना वृद्धि हुई है। दशहरा से पहले और बाद के हफ्तों में खुदरा, ई-कॉमर्स, BFSI, लॉजिस्टिक्स और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में अस्थायी कर्मचारियों की मांग तेजी से बढ़ी। एडेको ने इस साल 2.16 लाख गिग और अस्थायी नौकरियों का अनुमान लगाया था, और सिर्फ तीन महीनों में ही 37% अस्थायी भर्ती और 15-20% गिग वर्कर्स की तैनाती हो चुकी है। यह मौसमी मांग की मजबूती को दिखाता है।



# अगर CSK में गए संजू सैमसन, तो इन दो में से कोई एक बन सकता है RR का कप्तान, रियान पराग सूची में नहीं!

**नई दिल्ली।** आईपीएल की नीलामी से पहले एक बड़ा खिलाड़ी ट्रांसफर सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स (फ्क्र) छोड़कर चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) से जुड़ सकते हैं। हालांकि इस सौदे पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार दोनों फ्रेंचाइजियों ने बातचीत शुरू कर दी है। आईपीएल के नियमों के मुताबिक, दोनों टीमें पहले आईपीएल गवर्निंग काउंसिल को इस सौदे की जानकारी देंगी और तीन खिलाड़ियों के नाम भेजेंगी। खिलाड़ियों की लिखित सहमति के बाद ही यह डील फाइनल होगी और फिर गवर्निंग काउंसिल से मंजूरी मिलेगी।

**जुरेल और यशस्वी में से कोई नया कप्तान?**

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर संजू सैमसन सीएसके में जाते हैं, तो ध्रुव जुरेल या यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को राजस्थान रॉयल्स का नया कप्तान बनाया जा सकता है। दोनों खिलाड़ी टीम के युवा, लेकिन भरोसेमंद नाम हैं और हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं।



**सैमसन का फ्क्रमें सफर, 11 सीजन खेले:** संजू सैमसन 2013 में राजस्थान रॉयल्स से जुड़े थे और तब से फ्रेंचाइजी का चेहरा रहे हैं। 19 साल की उम्र में टीम में शामिल हुए सैमसन को 2014 सीजन से पहले ही रिटेन किया गया था।

**संजू ने राजस्थान के लिए 67 मैचों में कप्तानी की, जिनमें 33 जीते और 33 हारे। 2024 उनका सबसे सफल आईपीएल सीजन रहा। उन्होंने 531 रन बनाए और औसत 48.27 का रहा।**

2016-17 में टीम के निलंबन के बाद वे 2018 में लौटे और 2021 में कप्तान बने। उनकी कप्तानी में राजस्थान ने 2022 का आईपीएल फाइनल खेला, जो 2008 के बाद उनका पहला फाइनल था।

**आंकड़े बताते हैं सैमसन की अहमियत:** संजू ने राजस्थान के लिए 67 मैचों में कप्तानी की, जिनमें 33 जीते और 33 हारे। 2024 उनका सबसे सफल आईपीएल सीजन रहा। उन्होंने 531 रन बनाए और औसत 48.27 का रहा। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 153.47 का है। 2025 में उन्हें 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया, लेकिन साइड इंजरी के कारण सीजन के बीच में ही बाहर होना पड़ा।

इसके बाद टीम की लय बिगड़ गई और फ्क्र10 में से नौवें स्थान पर रही। सैमसन ने अब तक राजस्थान के लिए 4,027 रन, 25 फिफ्टी+ स्कोर और 149 कैच लेकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। 2025 सीजन के बाद उन्होंने मैनेजमेंट से नई शुरूआत की इच्छा जताई, जिसके बाद टीम ट्रेड ऑप्शंस तलाश रही है।

**CSK के लिए रवींद्र जडेजा फिर बने चर्चा का केंद्र**

दूसरी ओर, रवींद्र जडेजा चेन्नई सुपर किंग्स की रीढ़ माने जाते हैं। 2012 से टीम का हिस्सा रहे जडेजा ने तीन आईपीएल खिताब में अहम भूमिका निभाई। 2023 फाइनल में गुजरात के खिलाफ आखिरी ओवर में जीत दिलाने वाली पारी ने उन्हें अमर कर दिया।

उन्होंने IPL में अब तक 254 मैच खेले हैं, 143 विकेट लिए और कई यादगार पारियां खेली हैं। दिलचस्प बात यह है कि जडेजा का आईपीएल करियर राजस्थान रॉयल्स से ही 2008 में शुरू हुआ था और तब वह 19 साल के थे।

# शमी को मिला गांगुली का समर्थन उन्हें भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने का मिले मौका: शमी



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली चाहते हैं कि मोहम्मद शमी सभी प्रारूपों में भारतीय टीम में वापसी करें क्योंकि उनका मानना है कि यह कुशल तेज गेंदबाज फिट है और बेहतरीन गेंदबाजी कर रहा है।

**द. अफ्रीका सीरीज के लिए शमी टीम में नहीं**

हालांकि ऐसा लगता है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को नजरअंदाज कर चुकी है जिनकी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अनदेखी की गई है। वह पिछली बार मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ओर से खेले थे। गांगुली सोमवार को एक कार्यक्रम के इतर कहा, 'शमी असाधारण रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। वह फिट हैं और हमने तीन रणजी ट्रॉफी मैच में देखा, जहां उन्होंने अपने दम पर बंगाल को जीत दिलाई।'

**रणजी के इस सत्र में तीन मैच में 91 ओवर फेंके**

शमी ने अब तक 15 विकेट लिए हैं और बंगाल को शुरूआती दो मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई लेकिन त्रिपुरा के खिलाफ एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। उन्होंने इस सत्र में तीन मैच में 91 ओवर फेंके हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने 2023 विश्व कप के बाद टखने की सर्जरी करवाई थी। विश्व कप में वह 10.70 की औसत से 24 विकेट लेकर टूनार्मेंट में सबसे सफल गेंदबाज रहे थे।

**'शमी तथा चयनकताओं के बीच बातचीत चल रही है'**

गांगुली ने कहा, 'मुझे यकीन है कि चयनकर्ता देख रहे हैं और मोहम्मद शमी तथा चयनकताओं के बीच बातचीत चल रही है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें तो फिटनेस और कौशल के मामले में यह वही मोहम्मद शमी हैं जिन्हें हम जानते हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, एकदिवसीय क्रिकेट और टी20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते क्योंकि यह हुनर बहुत बड़ा है।'

दक्षिण अफ्रीका सीरीज के अलावा अगले छह महीनों में भारत के लिए कोई लाल गेंद का मैच नहीं होने के कारण यह देखना बाकी है कि क्या शमी जून 2023 में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के रूप में अपना आखिरी टेस्ट खेल चुके हैं या नहीं। लंबे प्रारूप में प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप तेज गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा बन गए हैं। 2027 का वनडे विश्व कप अभी दो साल दूर है और ऐसे में शमी को बार-बार चोट लगने की चिंता चयनकताओं को प्रभावित कर सकती है।

**'ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में जगह मिलेगी'**

शुक्रवार से ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाली आगामी दो टेस्ट मैच की सीरीज पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए गांगुली ने उम्मीद जताई कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को पूरी तरह से बल्लेबाजी योग्यता के आधार पर टीम में जगह मिलेगी। असल में स्थान तय हो चुके हैं झ दो सलामी बल्लेबाज, चौथे नंबर पर (शुभमन) गिल, पांचवें नंबर पर पंत, केएल (राहुल), (रविंद्र) जडेजा। इस समय ध्रुव जुरेल के लिए जगह बनाना कितना आसान होगा, मुझे नहीं पता।'

# त्रिकोणीय सीरीज के लिए BCCI ने किया भारत ए और भारत बी टीम का एलान, वैभव-म्हात्रे को नहीं मिला मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने 17 से 30 नवंबर तक बंगलूरू के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेली जाने वाली आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अंडर-19 त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए अंडर-19 और भारत बी अंडर-19 टीमों की घोषणा कर दी। विहान मल्होत्रा को भारत अंडर-19 ए टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि आरोन जॉर्ज भारत अंडर-19 बी टीम का नेतृत्व करेंगे।



**वैभव और आयुष को क्यों नहीं मिला मौका?**

इस सीरीज में अफगानिस्तान अंडर-19 टीम भी भाग लेगी। इन टीमों में आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। बीसीसीआई ने बताया कि म्हात्रे इस समय रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं जबकि सूर्यवंशी को हाल ही में एसीसी राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में जगह मिली है।

**भारत अंडर 19 ए टीम:** विहान मल्होत्रा (कप्तान) (पीसीए), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एमसीए), वाफी कच्छी (एचवाईडी सीए), वंश आचार्य (एससीए), विनीत वी.के (टीएनसीए), लक्ष्य रायचंदानी (सीएयू), ए. रापोल (विकेटकीपर) (एचवाईडी सीए), कनिष्क चौहान (एचएआर), खिलान ए पटेल (जीसीए), अनमोलजीत सिंह (पीसीए), मोहम्मद एनान (केसीए), हेनिल पटेल (जीसीए), आशुतोष महिदा (बीसीए), आदित्य रावत (सीएयू), मोहम्मद मलिक (एचवाईडी सीए)

**भारत अंडर19 बी टीम:** आरोन जॉर्ज (कप्तान) (एचवाईडी सीए), वेदांत त्रिवेदी (उपकप्तान) (जीसीए), युवराज गोहिल (एससीए), मौल्यराजसिंह चावड़ा (जीसीए), राहुल कुमार (पीसीए), हरवंश सिंह (विकेटकीपर) (एससीए), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर) (केएससीए), आर.एस. अंबरीश (टीएनसीए), बी.के. किशोर (टीएनसीए), नमन पुष्पक (एमसीए), हेमचुदेशन जे (टीएनसीए), उधव मोहन (डीडीसीए), ईशान सूद (पीसीए), डी दीपेश (टीएनसीए), रोहित कुमार दास (सीएबी)

# डीजे बने हिटमैन, नवविवाहित जोड़े के लिए बजाया 'आज मेरे यार की शादी है'

**यह घटना तब की है जब रोहित शर्मा ट्रेनिंग सेशन के दौरान बाहर टहल रहे थे, तभी उन्होंने पास में एक जोड़े को शादी के फोटोशूट में देखा**



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा न सिर्फ मैदान पर अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, बल्कि अपने खुशमिजाज और हल्के-फुल्के स्वभाव के लिए भी खूब पसंद किए जाते हैं। हाल ही में उनका एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे एक नवविवाहित जोड़े के लिए डीजे बन गए।

**शादीशुदा जोड़े के लिए रोहित बने डीजे**

यह घटना तब की है जब रोहित शर्मा ट्रेनिंग सेशन के दौरान बाहर टहल रहे थे। तभी उन्होंने पास में एक जोड़े को शादी के फोटोशूट में देखा। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने तुरंत माहौल को हल्का और यादगार बना दिया, स्पीकर निकाला और बॉलीवुड का मशहूर गीत 'आज मेरे यार की शादी है' बजा दिया। रोहित ने गाने के साथ कुछ हल्के डांस मूव्स भी दिखाए, जिससे वहां मौजूद सभी लोग मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। जोड़े ने इस पल को अपनी जिंदगी का ह्लस्पेशल मोमेंटह्व बताया और कहा कि यह उनके लिए 'ड्रीम डे' बन गया।

**मैदान के बाहर भी 'हिटमैन' का दिल बड़ा:** रोहित शर्मा को फैंस सिर्फ एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में नहीं, बल्कि एक दिलदार इंसान के रूप में भी जानते हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे हमेशा लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं।

# 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी में दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी।



**दिल्ली को किसी चमत्कार की आस:** दिल्ली कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालिफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है।

**दिल्ली पर जम्मू-कश्मीर की पहली जीत:** दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू-कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।

**इकबाल का शतक:** जम्मू-कश्मीर ने दिन की शुरूआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया।

**दिल्ली कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालिफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी**

बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था वहां इकबाल ने खुद जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतक पूरा करने के बाद एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक छक्के जडे।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत ने मांगा टर्निंग विकेट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन ने शुक्रवार से ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के लिए स्पिनरों की मददगार पिच की मांग नहीं की है।

**गंभीर ने पिच का निरीक्षण किया**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलने वाली टीम के सदस्यों के साथ रविवार देर रात कोलकाता पहुंचे।

उन्होंने सोमवार सुबह बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक के साथ ईडन गार्डन्स की पिच का निरीक्षण किया। गांगुली ने भी शाम को पिच का निरीक्षण किया, जिसके बाद ओस या अप्रत्याशित बारिश से बचाने के लिए पूरे मैदान को ढक दिया गया।


# पाकिस्तानी गेंदबाज नसीम शाह के पैतृक घर के बाहर गोलीबारी, हमले में नहीं पहुंचा किसी को नुकसान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के खैबर पख्तूनख्वा के लोअर दीर जिले में स्थित पैतृक घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर दी। इस हमले में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। फिलहाल नसीम श्रीलंका के खिलाफ वनडे मुकाबला खेल रहे हैं और उन्होंने हमले की जानकारी के बाद टीम के साथ रहने का फैसला लिया है।

**नसीम के पैतृक घर के बाहर गोलीबारी:** समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि नसीम के करीबी एक सूत्र ने घटना की पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। सूत्र ने कहा, 'नसीम और उनके परिवार के अधिकांश सदस्य अब इस्लामाबाद में रहते हैं लेकिन लोअर दीर में उनके कुछ करीबी रिश्तेदार हैं जो उनके पैतृक घर पर रहते हैं।'

**समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि नसीम के करीबी एक सूत्र ने घटना की पुष्टि की, उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है**



**टीम के साथ बने रहने का फैसला:** उन्होंने कहा कि नसीम ने अपने परिवार से बात करने के बाद आश्वासन दिया कि घटना की जांच की जा रही है और उन्हें अपने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सूत्र ने कहा, 'इसके बाद नसीम ने आज पहला मैच खेलने वाली टीम के साथ बने रहने का फैसला किया।' पाकिस्तान टीम के कई खिलाड़ी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से आते हैं जहां उत्तरी इलाकों में सुरक्षा बल अक्सर आतंकवादी हमलों से जूझते रहते हैं। उत्तरी इलाके कबायली झगड़ों के लिए भी जाने जाते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुल 16 टेस्ट सीरीज में सिर्फ चार भारत के नाम



## प्रोटियाज ने आठ बार मारी बाजी

### आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-2027 अंकतालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 36 | 100.00 |
| 2 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| 3 | भारत | 7 | 4 | 2 | 1 | 52 | 61.90 |
| 4 | पाकिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | दक्षिण अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 6 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 26 | 43.33 |
| 7 | बांग्लादेश | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| 8 | वेस्ट इंडीज | 5 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0.00 |
| 9 | न्यूजीलैंड | - | - | - | - | - | - |

**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत होने जा रही है। दोनों ही टीमों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज महत्वपूर्ण है। जीत फाइनल के लिए उनका दावा पुख्ता करेगी, जबकि हार से दोनों ही टीमों को नुकसान होगा। भारतीय टीम फिलहाल डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे, जबकि टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है। आइए इस सीरीज की शुरूआत से पहले हम इन दोनों की राइवेलरी के बारे में जानते हैं...

**कुल 16 द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेली गई**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत 1992-93 में हुई थी। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 16 द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं। इनमें से भारत ने सिर्फ चार सीरीज जीती हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने आठ बार बाजी मारी है। बाकी चार सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुईं। यह आंकड़े बताते हैं कि टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा अब तक भारी रहा है।

घरेलू जमीन पर भारत का दबदबा

हालांकि, विदेशी यानी दक्षिण अफ्रीकी धरती पर भारत को संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन अपने घर पर टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चारों सीरीज अपने घरेलू मैदान पर जीती हैं। एक में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली और दो सीरीज ड्रॉ रहीं। वहीं, भारत ने दक्षिण अफ्रीका की धरती पर नौ टेस्ट सीरीज खेली हैं। सात सीरीज दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जीती और दो सीरीज ड्रॉ रही।



**छह साल पहले भारत की पिछली जीत**

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1996, 2004, 2015 और 2019 में टेस्ट सीरीज जीती। पिछली बार भारत ने छह साल पहले दक्षिण अफ्रीका को किसी टेस्ट सीरीज में हराया था। अब शुभमन गिल एंड कंपनी के पास इस सूखे को खत्म करने का मौका है। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका को भारत में सिर्फ एक बार (2000 में) सीरीज जीत मिली। तब दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ किया था।

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत 1992-93 में हुई थी। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 16 द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं। आइए आंकड़े जानते हैं...**

**द. अफ्रीका के खिलाफ रहना होगा सतर्क:** हालांकि, भारत को ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहिए, क्योंकि पिछले साल टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार मिली थी। स्पिन पिच ही भारत की हार का कारण बना था। इस हार को फैंस अभी तक नहीं भुला पाए हैं। ऐसे में टीम सावधानी बरतना चाहेगी।

**गिल के नेतृत्व में अब तक अच्छा प्रदर्शन:** नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम ने हाल फिलहाल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड से 2-2 से सीरीज बराबर करने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज को हराया था। टीम अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी।

**दोनों टीमों का हाल फिलहाल में प्रदर्शन:** वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ उसके घर में हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कराई थी। टेस्ट चैंपियंस भी शानदार लय में हैं और उनके पास साइमन हार्मर, सेनुरन मुथुसामी और केशव महाराज के रूप में दुनिया के कुछ बेहतरीन स्पिनर्स मौजूद हैं। ऐसे में भारतीय टीम स्पिन पिच बनाने का रिस्क नहीं उठाना चाहेगी। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम: तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रेयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डी जोर्जी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी, कागिसो रबाडा, साइमन हार्मर।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम : गाजियाबाद में वृहद पौधारोपण अभियान 2026-27 की तैयारी शुरू

## ग्राम प्रधानों और किसानों को मिला पौधशाला का तकनीकी प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2026-27 में होने वाले वृहद स्तर के पौधारोपण अभियान की तैयारियों पर केंद्रित थी। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद ने की, जिसमें पौधशाला, कृषि वानिकी, और सामान्य वानिकी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा और प्रशिक्षण दिया गया।





पौधशाला तकनीक पर विशेष जोर : वन विभाग की ओर से, अमित सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, मोदीनगर ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने समस्त ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम प्रधानों, एडीओ पंचायत अधिकारियों, और किसानों को पौधारोपण की सफलता के लिए आवश्यक पौधशाला के तकनीकी पहलुओं पर सचित्र प्रस्तुतिकरण दिया। यह प्रशिक्षण जमीनी स्तर पर सही गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करने और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति : कार्यक्रम में जिला प्रशासन और वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जो अभियान के प्रति शासन की गंभीरता को दर्शाता है। उपस्थित अधिकारियों में प्रदीप कुमार पांडे (परियोजना निदेशक, गाजियाबाद), प्रज्ञा श्रीवास्तव (जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद), डॉ. सलोनी (उप प्रभागीय वन अधिकारी, गाजियाबाद), निमी कुचिया (वन क्षेत्राधिकारी, गाजियाबाद), और अमित सिंह (वन क्षेत्राधिकारी, मोदीनगर) प्रमुख रूप से शामिल थे।

इनके अलावा, अन्य वनकर्मी और अधिकारी भी कार्यशाला में मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगामी पौधारोपण अभियान को सफल बनाने और जिले में हरियाली के कवरेज को बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।




### किस केस में अफसर ने किया है जज साहब के बेटे और बेटी को वकील

ये मामला ही ऐसा है कि मौजूदा वाले तो लखनऊ से लेकर गाजियाबाद तक जलील हो लिये है। जिनके नामों के आगे एक्ट महारथी लिखा है वो भी अब अदालती गति को प्राप्त हो लिये हैं। यहां पर तारीफ अफसरी रणनीति की करनी होगी। उन्हें ये पता है कि ये एक्ट वाले मंहगी फीस नहीं दे पायेंगे, इसलिए लड़ाई को लंबा खींचो। मगर अब जो झटका कुंभ वाली नगरी से लगा है वो ये है कि इस केस में अफसरी दलील मजबूत हो गई है। केस एक्ट की जानकारी पर नहीं लड़ा जायेगा, केस तो फैक्ट की जानकारी पर लड़ा जायेगा। मगर एक कहावत है कि एक अच्छा वकील कानून को जानता है और एक बहुत अच्छा वकील जज को जानता है। कुंभ नगरी से ये संदेश बाहर आया है कि अफसरों ने जज साहब की बेटी और बेटे को अपना वकील हायर किया है। अब इसमें कोई गलत भी नहीं है क्योंकि वकील का प्रोफेशन है और अफसर का अपना पेशन है कि वो किसे हायर करे और किसे ना करे। समझने वाले समझ तो गये ही हैं इस केस को।


### हम बता रहे थे उन्हें अपनी पीड़ा और वहां उठा था वीडियो रिकॉर्डिंग का कीड़ा

सोशल मीडिया के जमाने में अब हर चीज गोपनीय नहीं रही है। आप कब कहां जा रहे हैं ये गली के सीसीटीवी कैमरे से लेकर बाजार के सीसीटीवी कैमरे तक नोट हो जाता है। बची कुची कसर अब मुलाकातों में पूरी हो रही है। गाजियाबाद वाले बस में भर कर गये थे और अब उनकी पीड़ा यही है कि आखिर उन्हें वीडियो रिकार्डिंग का क्या कीड़ा काट रहा था। वो बता तो अपने अंदाज में रहे हैं लेकिन लिखा तो अखबारी अंदाज में जायेगा। पता चला है कि जब यहां वालों ने अपनी पीड़ा बताई थी और बताया था कि वो कैसे इस दर से उस दर तक जा रहे हैं तब पता चला कि रिटायर्ड नौकरशाह से मंत्री बने साहब ने पूरे सीन की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई और गाजियाबाद वाले अफसर को भेज दी। कुछ कहने सुनने को बचा ही नहीं कि साहब हमने आपके लिए ये नहीं कहा और साहब उसने ये नहीं कहा। अफसर ने गाजियाबाद में बैठकर वीडियो देख ली और जब तक गाजियाबाद वाले वापस लौटते तब तक अफसर ने पूरा ईलाज ढूंढ लिया। अब सीन ये है कि लखनऊ टूर से लौटने के बाद गाजियाबाद वाले यहां के अफसर को कम और वहां के मंत्री को ज्यादा कोस रहे हैं। वो बता रहे हैं कि अगर हमें पता होता कि अफसरी एकता जिंदाबाद हो जायेगी तो हम गाजियाबाद में ही देखते कि क्या करना है। हमें क्या पता कि रिटायर्ड अफसर यहां वाले अफसर के पुराने अंकल निकलेंगे।

# अप्सरा बॉर्डर पर मोहननगर जोनल कार्यालय का कार्य शुरू

## वार्ड 34 के लोगों का समय और धन की बचत होगी : खुर्शीदा बेगम







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम अब मोहन नगर जोनल कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह नया और आधुनिक कार्यालय अप्सरा बॉर्डर के पास, वार्ड 34 में बनाया जाएगा। चार मंजिला इस इमारत में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद होंगी।

नए कार्यालय के निर्माण पर लगभग 13 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम के निर्माण विभाग के एई गणेशी लाल ने बताया कि यह भवन करीब 10000 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनेगा। इसमें नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सभी जरूरी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इस के निर्माण में करीब डेढ़ साल का समय लगेगा, जिसके निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। नए कार्यालय में ई-ऑफिस की सुविधा, नागरिक सेवा केंद्र, पार्किंग मीटिंग हॉल, जल व सफाई विभाग के अलग कक्ष, बैठने और प्रतीक्षा की उत्तम व्यवस्था तथा पर्याप्त पार्किंग की सुविधा होगी। इससे आम लोगों को नगर निगम के कामकाज में काफी सहूलियत मिलेगी।

फिलहाल, मोहन नगर का मौजूदा जोनल कार्यालय में जगह कम है। बारिश के दौरान दफ्तर में पानी भर जाता है, जिससे कर्मचारियों और आने वाले नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। फर्नीचर भी पुराना और टूटा-फूटा है।

ऐसे में नया और आधुनिक कार्यालय का निर्माण इलाके के लोगों और कर्मचारियों दोनों के लिए राहत की बात है। नए कार्यालय में दिव्यांगों की सहूलियत का भी ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हर सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है।

वही क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा बेगम ने कहा कि निगम जोनल कार्यालय के निर्माण से वार्ड 34 के निवासियों को काफी लाभ होगा। क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा बेगम ने बताया कि पहले लोगों को मोहन नगर जाना पड़ता था, लेकिन अब वार्ड में ही जोनल कार्यालय होने से लोगों का काम आसान हो जाएगा और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# नशे का आदी चोर गिरफ्तार, घर से लाखों के जेवरात और कीमती सामान चोरी

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले एक शख्स को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश नशे का आदी है।

एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाला एक शख्स अपने घर का दरवाजा बंद करके बाजार में खरीदारी करने चले गए थे। जब वह वापस आए तो उसने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर घरों में चोरी करने वाला एक शातिर चोर दीपक गंगवार पुत्र संतोष गंगवार को एफएनजी सर्विस रोड़ ग्रीन बेल्ट गेट के पास से गिरफ्तार किया है।

# भारत विकास परिषद द्वारा समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरा पुरम गाजियाबाद द्वारा नगर निगम बालिका विद्यालय मकनपुर में संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत महासमूहगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 900 बालिकाओं ने सामूहिक रूप से कंठस्थ गीत 'घरती की शान तू है भारत की संतान' गाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास और आत्मबल जगाना था। कार्यक्रम में प्रिंसिपल अनिता वशिष्ठ, अध्यापिका मंजू शर्मा, और संगीत अध्यापिका निति गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। परिषद परिवार से समूहगान प्रभारी विनिता बाजपेई और अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम के समापन ओर बच्चों को पुरस्कृत किया गया और सभी बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। मंजू शर्मा जी ने भारत विकास परिषद इंदिरापुरम शाखा के द्वारा स्कूल में लगातार किए जा रहे।



# मसूरी औद्योगिक क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल की पांच गाड़ियां लगीं बुझाने में आग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार शाम करीब 5:55 बजे मसूरी थानाक्षेत्र के हसनपुर रोड, दीनानाथपुर पुट्ठी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आसिफ मलिक के इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि गोदाम टीन शेड से बना था और अंदर प्लास्टिक स्क्रैप भरा होने के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे जहरीले धुएं का घना गुबार उठने लगा। केवल एक ही गेट होने से दमकल कर्मियों को अंदर प्रवेश में कठिनाई हुई। बीए सेट पहनकर फायरमैनों ने अंदर जाकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग की विकरालता को देखते हुए वैशाली फायर स्टेशन से एक तथा जनपद हापुड़ से एक अतिरिक्त फायर टेंडर मौके पर बुलाया गया।

### जेसीबी की लेनी पड़ी थी मदद

**करंट क्राइम।** जेसीबी की मदद से टीन शेड तोड़कर वेंटिलेशन बनाया गया और स्क्रैप को बाहर निकालकर आग पर काबू पाया गया। करीब पांच फायर टेंडर की मदद से दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# संभव जनसुनवाई में चार संदर्भ प्राप्त, नगर आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल चार संदर्भ प्राप्त हुए – निर्माण, जलकल, स्वास्थ्य तथा टैक्स विभाग से संबंधित एक-एक मामला शामिल रहा। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाए तथा निस्तारण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग को और सुदृढ़ किया जाए।

जनसुनवाई में ग्राम करेड़ा से हाउस टैक्स, नंदग्राम की दीनदयाल पूरी से निर्माण, तथा सदरपुर मार्ग से रोड स्वीपिंग व पानी छिड़काव से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं जिन पर संबंधित विभागों ने मौके पर ही कार्यवाही प्रारंभ कर दी।कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, प्रभारी प्रकाश आश कुमार सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहे।




## रीलबाज पुलिसकर्मी हो जाएं अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले पुलिसकर्मियों पर कब कार्रवाई वाला हंटर चल जाए कहा नहीं जा सकता है। सुनने में आया है कि आजकल लखनऊ में बैठे सोशल मीडिया सेल की नजरें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जमकर पड़ रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जो सोशल मीडिया के शौकीन हैं। उनकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर कभी क्रांति मचाती है, तो कभी वह क्रांतिकारी नजर आते हैं। कुल मिलाकर सोशल मीडिया की वीडियो में एसीपी स्तर से लेकर थ्री और टू-स्टारों के साथ ही सिपाही भी पीछे नहीं हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस के रीलबाजों को अलर्ट रहने का संदेश दिया था। सूत्र बता रहे हैं कि उसके बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के दर्जनों ऐसे पुलिसकर्मी हैं, जो रडार पर आ सकते हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शहर कोतवाली में एक चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों का वीडियो सामने आ रहा है, जो बता रहा है की रीलबाजी का शौक अभी खत्म नहीं हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद में तैनात करीब 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं जिसमें वर्दी में मौज मस्ती से लेकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी जो लखनऊ से जुड़े हैं, वह बताते हैं कि अगर वर्दी धारी इस प्रकार का काम कर रहे हैं, तो यह अनुशासनहीनता के तहत है और उनपर कार्रवाई हो सकती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट में दो जोन ऐसे हैं, जहां के 23 बैच वाले टू-स्टार पुलिसकर्मी रीलबाजी के शिकार हो चुके हैं। तो उन पर मुकदमे भी लिखे गए थे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रीलबाज पुलिसकर्मियों को इन दिनों अलर्ट रहने की जरूरत है क्योंकि इस बार कार्रवाई वाला करंट साहब के स्तर से नहीं सीधे मुख्यालय वाले अधिकारियों के द्वारा लगाया जाएगा। जिसका दर्द और दंड अधिक रहेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 200 से अधिक ऐसे सोशल मीडिया एकाउंट्स बताए जा रहे हैं, जिन पर लखनऊ में बैठे अधिकारियों की पैनी नजर बनी हुई है। अब देखना होगा आने वाले दिनों में कौन शिकार बनता है और किसको पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अंजाम भुगतना पड़ता है।



# चेन स्नेचिंग से पुलिस के होश उड़ाने वाले लुटेरे चढ़े कवि नगर पुलिस के हत्थे

## मुख्य सरगना के पांच सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के नेतृत्व में कवि नगर थाना पुलिस ने झपटमारी और चेन लूट गिरोह के मुख्य सरगना के पांच प्रमुख साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गैंग में तीन लुटेरे सहयोगी और इन परिवार की दो महिलाओं को भी दबोचा है, यह उनकी बेल कराने से लेकर सोने की चेन को अलग-अलग स्थानों में रखवाने का काम करती थीं। पुलिस ने दौलतपुर इलाके में रहने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया है कि गिरफ्तार रामा उर्फ राहुल, मोंटी, चिंटू, मंजू और रजनी एक लुटेरे के परिवार के सदस्य हैं। जो वारदातों में उनके साथ दिया करते थे।





### महिला भी निभाती थी लूट और लूट के माल बेचने में भूमिका

**करंट क्राइम।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में मंजू और रजनी नाम की दौलतपुरा में रहने वाली दो महिलाएं भी दबोची गई हैं। यह लूट की चेन को सुंदर और आसपास के लोगों को बेचने का काम करती थीं। साथ ही कई बार वारदात के बाद यह अपने रिश्तेदारों की बाइक पर साथ रहती थीं ताकि पुलिस इनपर शक ना करें।

### सीसीटीवी फुटेज और ओला की लोकेशन से मिली सफलता

**करंट क्राइम।** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन लुटेरों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और एक ओला गाड़ी की लोकेशन से बेहद मदद मिली है। बताया जा रहा है कि जो मुख्य सरगना फरार है, वह पिछले साल कौशांबी से हाफ एनकाउंटर के बाद जेल गया था। जेल से आने के बाद भी उसने चेन लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस उसका जल्द खुलासा और गिरफ्तारी कर सकती है।

### स्पोर्ट्स बाइक से सुबह और देर रात करते थे वारदात

**करंट क्राइम।** एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि कवि नगर क्षेत्र की कुछ वारदातों की फुटेज मिली थी, जिसके बाद थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा ने थाने की क्राइम और एसओजी टीम के साथ ही चौकी प्रभारी शास्त्री नगर, गोविंदपुरम की टीम बनाकर लुटेरों को दबोचने का प्लान बनाया था। इसके तहत सफलता मिली है। पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना फरार है। बताया जा रहा है कि यह स्पोर्ट्स बाइक में सुबह के समय और देर रात के वक्त वारदात किया करते थे। पुलिस का कहना है कि गिरोह द्वारा अब तक पांच दर्जन से ज्यादा वारदात कमिश्नरेट के कवि नगर, नंदग्राम, सिहानी गेट, मधुबन बापूधाम और इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में अंजाम दी गई हैं। साथ ही दिल्ली में भी यह वारदात करने से नहीं चूकते थे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डीडी यादव ने अपनी लाडली बिटिया खुशी और लाडले बेटे कृष्ण को उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद बधाई और शुभकामनाएं दी। रिश्तो के इस स्नेह को डीडी यादव ने फेसबुक पर साझा किया। आशीर्वाद बधाई और शुभकामनाओं का एक सैलाब आ गया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 11 साल बाद हमास ने इस्राइल को लौटाया सैनिक का शव, अंतिम संस्कार में उमड़ी हजारों की भीड़




**यरुशलम।** मध्य इस्राइल में मंगलवार (11 नवंबर,2025) को 11 साल बाद गाजा से लौटे इस्राइली सैनिक के शव के अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैनिक के अंतिम संस्कार के दौरान हाथों में इस्राइल का झंडा लिए हुए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके चलते श्मशान और आस-पास की तमाम गलियां जाम हो गईं।

लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार वालों के लिए भावुक कर देने वाला पल था। दरअसल, लेफ्टिनेंट के परिवार ने उनके शव को वापस इस्राइल लाने के लिए एक बड़ा सार्वजनिक अभियान चलाया था। हमास ने 9 नवंबर, 2025 को उनके शव का अवशेष इस्राइल को वापस भेजा। वहीं 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के हमले में चार बंधकों के शवों को गाजा ले जाने के बाद इस्राइल के साथ युद्ध छिड़ गया था। ये शव अभी भी गाजा में ही हैं।

2014 में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम के एलान के दो घंटे बाद 23 साल के गोल्डिन की मौत हो गई थी। कई वर्षों तक गोल्डिन और एक अन्य सैनिक ओरॉन शॉल के पोस्टर इस्राइल की गलियों में दिखते थे। वहीं, उनके परिवारों की ओर से शवों को वापस लाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था।

**2014 में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम के एलान के दो घंटे बाद 23 साल के गोल्डिन की मौत हो गई थी। कई वर्षों तक गोल्डिन और एक अन्य सैनिक ओरॉन शॉल के पोस्टर इस्राइल की गलियों में दिखते थे।**

इस्राइली सेना की ओर से बहुत पहले साफ कर दिया गया था कि गोल्डिन की हत्या हो चुकी है और सबूत के तौर पर सुरंग में उसकी खून से सनी शर्ट बरामद की गई थी। बीते वर्षों में गोल्डिन के शव की पहचान होने के बाद उनके परिजनों ने कई बार निराशा जाहिर की। परिजनों ने कहा था कि उनके बेटे का शव न इस्राइली सेना और न ही कोई अन्य वापस लेकर आया। इसे एक तरह से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना के तौर पर देखा गया।

वहीं, नेतन्याहू ने हालिया कैबिनेट बैठक में कहा, "इस्राइली सैनिक का शव हमास के कब्जे में लंबे समय तक रहने से परिवार को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ी। अब वे उसका अंतिम संस्कार कर सकेंगे।" गौरतलब है कि ओरॉन शॉल का शव साल की शुरूआत में ही इस्राइल वापस आ गया था।

गोल्डिन के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा, "हैदर जंग लड़ने गया था और इस्राइली सेना ने उसे छोड़ दिया। इस्राइली सेना ने हमारे और उसके मानवीय अधिकारों को खत्म कर दिया।" गोल्डिन के शव को वापस लाने की शुरूआती कोशिशों में दर्जनों फलस्तीनी मारे गए थे। फलस्तीन की ओर से इसे अंधाधुंध गोलीबारी बताया गया था। गोल्डिन के शव को पाने के लिए इस्राइल ने हैनीबेल प्रोटोकॉल लागू किया था। इसके तहत इस्राइली सेना को भारी हथियार और सैन्यबल के इस्तेमाल की छूट मिलती है।

गोल्डिन की तलाश में इस्राइली सेना ने गाजा शहर में भीषण गोलीबारी और एयरस्ट्राइक की थीं, जिनमें 110 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। 2016 में भारी आलोचना के बाद हैनीबेल प्रोटोकॉल को रद्द कर दिया गया था।

2014 में हुई इस्राइल और हमास की जंग में 2200 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इनमें सैकड़ों आम नागरिक शामिल थे और गाजा में बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

## गाजा पट्टी पर संघर्ष विराम के बाद लाल सागर में हूतियों ने हमले रोके

### इस्राइल को लेकर कही ये बात



**यमन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने संकेत दिया है कि उन्होंने इस्राइल और लाल सागर में जहाजों पर अपने हमले रोक दिए हैं, क्योंकि गाजा पट्टी में संघर्ष विराम लागू है। हूती गुट ने सोमवार देर रात हमास की कसम ब्रिगेड को लिखे एक पत्र में यह संकेत दिया कि उनकी सैन्य कार्रवाई फिलहाल थमी है। पत्र में कहा गया, हम घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे हैं और घोषणा करते हैं कि अगर दुश्मन ने गाजा पर फिर से आक्रमण शुरू किया, तो हम जायनिस्ट सत्ता के भीतर गहराई तक अपनी सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू करेंगे और लाल सागर के साथ अरब सागर में इस्राइली नौवहन पर प्रतिबंध फिर से लागू करेंगे। हालांकि, हूतियों ने अभी तक औपचारिक रूप से यह स्वीकार नहीं किया है कि उनका अभियान पूरी तरह से समाप्त हो गया है।

## 'दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: पीएम मोदी

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि 'मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी और षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।'

भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया।

'दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा'

पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।' सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किले के नजदीक एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं।

## भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

### दोनों देशों के संबंधों को सराहा



**थिम्फू।** प्रधानमंत्री ने कहा, 'सदियों से भारत और भूटान का संबंध बहुत ही गहन, आत्मीय और सांस्कृतिक रहा है। इसलिए, इस महत्वपूर्ण अवसर में शामिल होने का, भारत का और मेरा वादा था।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवंबर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें' जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

**भूटान में दिल्ली धमाके पर बोले पीएम मोदी**

भूटान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली धमाके की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। दिल्ली ब्लास्ट ने सभी को व्यथित किया। पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और जो भी इस धमाके के पीछे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार-विमर्श चल रहा था, जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।'

**पिपरहवा अवेषों के दर्शनों पर कही ये बात**

प्रधानमंत्री मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राज परिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है। सदियों से भारत और भूटान का संबंध बहुत ही गहन, आत्मीय और सांस्कृतिक रहा है। इसलिए, इस महत्वपूर्ण अवसर में शामिल होने का, भारत का और मेरा वादा था।'

**भारत-भूटान संबंधों पर बोले पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि 'आज यहां एक तरफ वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव का आयोजन हो रहा है और दूसरी ओर भगवान बुद्ध के पिपरहवा अवशेषों के दर्शन हो रहे हैं। इन सबके साथ हम सब भूटान के चौथे राजा के 70वें जन्मदिन समारोह के साक्षी बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा जन्म वडनगर में हुआ और यह बौद्ध परंपरा से जुड़ा है।

मेरी कर्मभूमि वाराणसी है और वह भी बौद्ध परंपरा से जुड़ी है। यही वजह है कि इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए खास है।'

पीएम मोदी ने कहा कि '2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुझे अपनी पहली विदेश यात्रा में भूटान आने का अवसर मिला था। मैं आज भी उस यात्रा को याद करता हूं, तो मन भावनाओं से भर जाता है। भारत और भूटान के संबंध इतने मजबूत और समृद्ध हैं कि हम मुश्किलों में भी साथ थे, हमने चुनौतियों का सामना भी मिलकर किया।'

पर्यावरण के मामले में भूटान की उपलब्धियों को पीएम मोदी ने सराहा

पीएम मोदी ने कहा कि 'भूटान के पूर्व और मौजूदा राजाओं ने सतत विकास और पर्यावरण पहले का विजन आगे बढ़ाया है। इसी विजन की नींव पर आज भूटान विश्व का पहला कार्बन निगेटिव देश बना है। ये एक असाधारण उपलब्धि है।

## राहत सामग्री ले जा रहा छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

**जमैका।** जमैका के लिए तूफान राहत सामग्री ले जा रहा छोटा विमान फ्लोरिडा के पड़ोस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तूफान राहत मिशन पर जमैका जा रहा एक छोटा टर्बोप्रॉप विमान सोमवार सुबह उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद फोर्ट लॉडरडेल उपनगर कोरल स्प्रिंग्स के एक आवासीय क्षेत्र में एक तालाब में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान किसी भी पीड़ित का पता नहीं चल पाया और उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान अब एक राहत अभियान बन गया है। विमान में कितने लोग सवार थे, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है। स्थानीय मीडिया के एरियल टीवी फुटेज में उस तालाब के पास एक घर के पिछवाड़े में टूटी हुई बाड़ दिखाई दे रही है, जहां विमान गिरा था।

## पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आत्मघाती हमला, भीषण धमाके में 12 की जान गई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि यह घटना सबक (वेक अप कॉल) है। उन्होंने इस धमाके की जिम्मेदारी इशारों-इशारों में अफगानिस्तान पर डाल दी।

भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश में जुटा पाकिस्तान मंगलवार को खुद आतंकी घटना का शिकार हो गया। देश की राजधानी इस्लामाबाद में एक आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि बम धमाका इतना तेज था कि जी-11 क्षेत्र के आसपास इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। बताया गया है कि धमाके वाली जगह यहां मौजूद एक कोर्ट के बिल्कुल करीब है।

इस घटना पर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शोक जताया है। उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि यह घटना सबक (वेक अप कॉल) है। उन्होंने इस धमाके की जिम्मेदारी इशारों-इशारों में अफगानिस्तान पर डालते हुए कहा कि इस माहौल में काबुल के शासकों के साथ सफलतापूर्वक समझौतों की उम्मीद बेकार है।

इस घटना के जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनमें जी-11 क्षेत्र से धुएं का गुबार उठते देखा जा सकता है। इसके अलावा सुरक्षा बैरियर के पास आग भी देखी गई।

## सीमा बंदी से पाकिस्तान को रोज करोड़ों का नुकसान

### बलूचिस्तान के कारोबारियों का दावा



**पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार बंद होने से पाकिस्तान को रोजाना लगभग 200 मिलियन रुपये का नुकसान हो रहा है। चमन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय अचकजई ने बताया कि सैकड़ों व्यापारी अफगानिस्तान में फंसे हैं।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है। इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरोजगारी के संकट में फंस गए हैं।

चमन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बॉर्डर पॉइंट चमन, तोरखम और अंगूर अड्डा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है।

#### नाशवान वस्तुओं पर पड़ा सीधा असर

अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीजा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं।

#### अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर खतरा

सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोजाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

#### व्यापारिक स्थिति और सरकारी अपील

सीमा बंदी से पहले पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, वस्त्र और फल निर्यात करता था, जबकि अफगानिस्तान से कोयला, सोपस्टोन और फल आयात करता था। अब दोनों देशों के हजारों ट्रक सीमा पर फंसे हुए हैं। अचकजई ने दोनों सरकारों से वार्ता शुरू कर सीमाएं दोबारा खोलने की अपील की है ताकि व्यापार और रोजगार को फिर से पटरी पर लाया जा सके।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार बंद होने से पाकिस्तान को रोजाना लगभग 200 मिलियन रुपये का नुकसान हो रहा है। चमन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय अचकजई ने बताया कि सैकड़ों व्यापारी अफगानिस्तान में फंसे हैं और हजारों ट्रक सीमा पर खड़े हैं। नाशवान वस्तुओं की सप्लाई रुकने से अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। दोनों देशों से सीमा खोलने की अपील की गई है।


**GHAZIABAD MUNICIPAL CORPORATION**

Navyug Market, Opp. Old Bus Stand Ghaziabad 201001, Uttar Pradesh

E-mail:gzb.nagar.nigam@gmail.com Website:www.ghaziabadnagarnigam.in

TENDER NOTICE NO: 118/COMPUTER/2025-26 Dated : 11-11-2025

**NOTICE INVITING TENDER**

SELECTION OF IMPLEMENTATION OF INTERACTIVE VOICE RESPONCE (IVR) CALLING (IN BOUND AND OUTBOND) SOFTWARE AT GHAZIABAD MUNICIPAL CORPORATION (GMC)

Ghaziabad Nagar Nigam invites open E-tenders from reputed and experienced agencies/firms for the implementaion of interactive voice response IVR calling (Inbound And Outbound) software at Ghaziabad Municipal Corporation. The selected Agency/firm will be responsible for the complete implementaion, maintenance and support extendable by 2 years based on performance and mutual agreement.

| | |
|---|---|
| Tender/ Bidding Type | Open |
| Tender Category | Agency/Firm |
| Type of Works | Services |
| Period of Services | 3+2Years (Including implementation, maintenance & support period) |
| Bid System | Two Bid System (Technical & Financial) |
| Evaluation Type | Quality cum Cost Bases Selection (QCBS) (30;70) (T:F) |
| Publishing date and time on e-tendering portal | 12-11-2025 3:00PM |
| Bid Submission Closing Date & Time | 25-11-2025 3:00PM |
| Release of corrigendum (if required) on the e-tendering portal | Any time before opening of the bids |
| Date, Time and Venue for opening of technical bids | 26-11-2025 2:00PM at Ghaziabad Municipal Corporation, Navgug Market, Opp-old bus stand Ghaziabad -201001 (UP) |
| Time and date of opening of financial proposal | To be intimated later |
| Bid Validity Period | 90 days |
| Bid Opening Authority | Municipal Commissioner, Ghaziabad Municipal Corporation |
| Department Address for Communication | Assistant Municipal Commissioner (Ghaziabad Municipal Corporation) Email: sna.gzbmcorp@gmail.com gzb.nagar.nigam@gmail.com Phone: 8178016804 |
| Document/ Tender Fees | Rs. 1000.00 + GST (As applicable) |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 20000/- |
| Estimated Cost of project in INR | INR 9,91,200.00 / Year (Including 18% GST) |

Assistant Municipal Commissioner
Ghaziabad Nagar Nigam


## कॉप-30 के प्रमुख आंद्रे कोर्रिया बोले

### शुद्ध ऊर्जा बदलाव में दुनिया की अगुआई कर रहे भारत और चीन

**नई दिल्ली।** कॉप-30 सम्मेलन की शुरूआत के मौके पर इसके अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने कहा, चीन ने क्लीन एनर्जी सिस्टम विकसित करने के एजेंडे पर उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि तकनीक, कम शुल्क में काम और तकनीक के इस्तेमाल का स्केल क्या होगा? इन तीनों पहलुओं को चीन ने असाधारण तरीके से हैंडल किया है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में स्वच्छ ऊर्जा से चलने वाले सिस्टम विकसित करने में भी ये तीन घटक सबसे अहम रहे हैं। इसकी मदद से ही दुनिया तेजी से क्लीन एनर्जी की तरफ अग्रसर हो रही है।

उन्होंने कहा कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन की गति पर नकेल कसने में भारत और चीन मुखर और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ सामने आए हैं। दोनों देशों ने पूरी दुनिया में क्लीन टेक्नोलॉजी के खर्च को घटाने में भी काफी अहम भूमिका निभाई है।

वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने के लिए भारत और चीन की प्रशंसा करते हुए कोर्रिया ने कहा, दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई को 'बेहद स्पष्ट रूप से' अपनाया है। स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की लागत कम करने का जिक्र करते हुए लागो ने कहा, चीन और भारत दोनों वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के भविष्य को आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा, चीन के पास बहुत उन्नत तकनीक है और उसका पैमाना ऐसा है जिसकी तुलना केवल भारत से की जा सकती है। भारत भी कुछ हद तक यही कर रहा है। उनके पास भी शानदार कंपनियां, इंजीनियर और बेमिसाल प्रतिभा के धनी लोग हैं। दोनों एक ही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में चीन के योगदान से जुड़े एक सवाल के जवाब में कॉप-30 प्रमुख कोर्रिया ने कहा, लागो ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा पैनल, पवन ऊर्जा और बैटरी उत्पादन में चीन को नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण चीन इन सभी जरूरी चीजों की कीमत घटाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग कर रहा है। चीन ने प्रमुख हरित तकनीकों की लागत घटाने में जैसी मदद की है इसका पूरी दुनिया में असर पड़ा है। गौरतलब है कि भारत भी COP-30 के मंच पर राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन नीति जैसी योजनाओं को प्रस्तुत कर सकता है। इसमें पूरी दुनिया को यह बताया जाएगा कि वह जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के लिए वह कैसे तैयारी करेगा। इस प्रस्तुति से पहले शुक्रवार को COP-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान देश का पक्ष रखते हुए, ब्राजील में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने कहा था कि भारत बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति प्रतिबद्ध है।

## कंबोडिया और थाईलैंड में फिर छिड़ेगी जंग? थाई सेना ने रद्द किया ट्रंप का शांति समझौता

**ब्राजील के बेलेम में कॉप-30 सम्मेलन शुरू हो गया है। इसकी शुरूआत के समय कॉप-30 प्रमुख आंद्रे कोर्रिया दो लागो ने भारत और चीन की जमकर सराहना की। उन्होंने दोनों एशियाई देशों को शुद्ध ऊर्जा परिवर्तन में दुनिया का अगुआ बताया। जानिए उन्होंने और क्या बातें कहीं।**



**बैंकॉक।** थाईलैंड की ओर से सीमा पर कंबोडिया की नई बारूदी सुरंगों की वजह से सैनिकों के घायल होने का दावा किया। हालांकि कंबोडिया ने इसे खारिज कर पुरानी लैंडमाइन बताया।

थाईलैंड की सेना ने मंगलवार को कंबोडिया पर विवादित सीमा क्षेत्र में नई बारूदी सुरंगें बिछाने का आरोप लगाया। थाईलैंड ने दावा किया कि इन बारूदी सुरंगों के चलते उसके कई सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीमा पर लैंडमाइन्स बिछाए जाने को थाईलैंड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित शांति समझौते का उल्लंघन बताया। थाईलैंड की सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विनथाई सुवारी ने बयान जारी करते हुए कहा कि फोरेंसिक अधिकारियों ने सोमवार (10 नवंबर,2025) को कंथारलक जिले में बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्र की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अधिकारियों को धमाके से बना एक गड्ढा और तीन अन्य बारूदी सुरंगों का पता चला।

**सीमा पर गश्त के दौरान 4 थाई सैनिक घायल:** थाई सेना की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया था कि सीमा पर गश्त करने के दौरान लैंडमाइन पर पैर पड़ने की वजह से चार सैनिक घायल हो गए। इनमें से एक सैनिक ने अपना पैर भी गंवा दिया। बैंकॉक पोस्ट के मुताबिक मेजर जनरल विनथाई ने कहा, "इस तरह की घटना संघर्ष को कम करने में कंबोडिया के दोहरे रवैये को दर्शाती है। ये शत्रुता को भी दर्शाती है, जो संयुक्त रूप से माने गए समझौते का भी उल्लंघन है।"

**कंबोडिया ने आरोपों को किया खारिज:** कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार की देर रात थाईलैंड के आरोपों को खारिज कर दिया। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि कंबोडिया के गृह युद्ध के दौरान की एक पुरानी बारूदी सुरंग में धमाके की वजह से सोमवार को थाई सैनिक घायल हुए। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि उसकी ओर से सीमा पर कोई भी नई लैंडमाइंस नहीं बिछाई गई हैं।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए नगर निगम का महाअभियान शुरू

## जगह-जगह हो रहा है आधुनिक मशीनों से पानी का छिड़काव






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गाजियाबाद नगर निगम ने बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए महा अभियान की शुरुआत की है। प्रथम चरण में मोहन नगर जोन (साहिबाबाद रेडलाइटडाबर चौक) और कवि नगर जोन (मेरठ रोड-विवेकानंद नगर कट) में अभियान चलाया गया।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सड़कों पर उतरकर कार्यवाही में शामिल रहे। अभियान में वॉटर टैंकर, जेटिंग मशीन, रोड स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मोक गन, जेसीबी आदि उपकरणों से सड़कों, पेड़ों और ग्रीन बेल्ट की धुलाई की गई। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने भी पानी का छिड़काव कर अभियान में सहयोग दिया। नगर आयुक्त ने बताया कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए यह अभियान अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा, और शहर को धूल-मुक्त व स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई है।

# जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने कई योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर दिया विशेष बल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने मंगलवार को प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

**कैलाश मानसरोवर भवन के संचालन हेतु शीघ्र आमंत्रित होगा ई.ओ.आई . :** निरीक्षण का आरंभ इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से किया गया, जिसे हाल ही में प्राधिकरण को हैंडओवर किया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि भवन के सुचारु संचालन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ई.ओ.आई.) शीघ्र आमंत्रित किया जाए ताकि भवन का रखरखाव एवं प्रबंधन व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भवन की देखरेख अब प्राधिकरण स्तर से की जा रही है।

उपाध्यक्ष ने सिटी फॉरेस्ट (लंग्स ऑफ गाज़ियाबाद) का भी स्थलीय निरीक्षण किया और इसके विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिटी फॉरेस्ट का विकास जनहित को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता के उच्च मानकों पर किया जाए।

इसी क्रम में छठ घाट के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्य भी जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए।

अंत में उपाध्यक्ष कलाल ने कहा कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की सभी परियोजनाएँ जनसुविधा एवं शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को शीघ्र सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु सभी परियोजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया जाए।

### कोयल इन्क्लेव में रामायण थीम पार्क, तुलसी निकेतन योजना एवं सिटी फॉरेस्ट का भी किया निरीक्षण

**करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष ने तुलसी निकेतन योजना के भवनों का निरीक्षण किया तथा री-डेवलपमेंट योजना से संबंधित संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कोयल इन्क्लेव योजना में उपाध्यक्ष कलाल ने रामायण थीम पार्क की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि थीम पार्क का कार्य सितंबर 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोयल इन्क्लेव के बहुमंजिला भवनों का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि अनसोल्ड भवनों के विक्रय एवं निस्तारण हेतु शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए, साथ ही क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार लाया जाए।

# निर्वाचन कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं लापरवाह अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई : जिला निर्वाचन अधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण कार्य – मतदाता सूची पुनरीक्षण – को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों और कार्मिकों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में अब ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है। समय पर कार्य पूरा न करने या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ वेतन रोकने से लेकर विभागीय दंडात्मक कार्रवाई तक की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर आधारित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम जनपद में जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे स्वयं निर्वाचन कार्य की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ बी.एल.ओ., सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करें।

उन्होंने दो टूक कहा – जो कर्मचारी निर्वाचन कार्य को हल्के में लेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई तय है। वेतन रोकने और विभागीय दंड दोनों की संस्तुति की जाएगी। निर्देशों के अनुसार, गणना अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 के बीच सभी बी.एल.ओ. को अन्य विभागीय कार्यों से पूर्णतः मुक्त रखा गया है ताकि वे निर्वाचन कार्य पर ही केंद्रित रह सकें। साथ ही सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि वे स्थलीय भ्रमण कर कार्य की समीक्षा करें और लापरवाह बी.एल.ओ. के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-32 के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य केवल सरकारी औपचारिकता नहीं बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की प्रक्रिया है, और इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही को अपराध की तरह देखा जाएगा।

# शालीमार गार्डन में गहराया जल संकट

## 30 हजार लोग प्यासे, गुस्साए निवासियों ने किया प्रदर्शन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। डबल टंकी पार्क में टंकी की मुख्य पेयजल लाइन टूट जाने के कारण गणेशपुरी, जनकपुरी व श्याम एंक्लेव के करीब 30 हजार से अधिक लोग पानी के लिए परेशान हैं। तीन दिन से मरम्मत कार्य जारी है, लेकिन अब तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से मंगलवार को लोगों में गुस्सा उभर गया। मंगलवार को स्थानीय लोग डबल टंकी पार्क में पहुंचे और जलकल विभाग की सुस्ती पर गुस्सा जाहिर किया। लोगों का कहना है कि जलकल विभाग कि लापरवाही के चलते रोजाना पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इससे खर्च बढ़ गया है। स्थानीय निवासी पवन रेड्डी ने बताया कि सी ब्लॉक एक्सटेंशन-2 में पानी की टंकी के गिराने से पानी की पाइप टूट गई है। जिसके कारण चार दिन से पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चार दिन से जारी जल संकट को लेकर शालीमार गार्डन, गणेशपुरी, जनकपुरी व श्याम एंक्लेव की महिलाएं घरों से निकलकर पानी की टंकी पर पहुंचीं और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सोमेंद्र तोमर टीम के साथ

### स्थापना दिवस




गाजियाबाद, करंट क्राइम। यूनियन बैंक के 107वें स्थापना दिवस के अवसर पर गोविंदपुरम स्थित यूनियन बैंक की ब्रांच में दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता पहुंचे। इस अवसर पर यूनियन बैंक के मैनेजर विकास बाजपेई तथा ब्रांच के समस्त स्टाफ के साथ दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता ने स्थापना दिवस की खुशी को सेलिब्रेट करते हुए केक काटा। संपादक मनोज गुप्ता ने इस अवसर पर यूनियन बैंक के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि बैंक तरक्की की ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### परोपकार मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आचार्य मनीष पंडित ने कहा, परोपकार मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है क्योंकि यह दूसरों की निस्वार्थ सेवा करने का गुण है। यह मानवता का प्रतीक है, जो स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के कल्याण के बारे में सोचने और कार्य करने पर केंद्रित है। परोपकार से न केवल दूसरों का जीवन बेहतर होता है, बल्कि यह स्वयं को सच्चा आनंद और आंतरिक शांति भी प्रदान करता है। परोपकार में किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत लाभ या स्वार्थ की भावना नहीं होती, बल्कि यह केवल दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। दूसरों के दुख दूर करने और उनके कल्याण में योगदान देना ही सच्ची मानवीय भावना को दर्शाता है। दूसरों की मदद करने से जो संतोष और खुशी मिलती है, वह किसी भी भौतिक सुख-सुविधा से परे है। परोपकार की भावना समाज में एकता, सौहार्द और शांति लाती है। इतिहास ऐसे कई महान व्यक्तियों से भरा है, जिन्होंने लोककल्याण के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, जैसे महर्षि दधीचि, राजा शिवि और महात्मा गांधी। किसी भूखे को भोजन कराना, किसी असहाय की मदद करना, या जरूरतमंद को दान देना सभी परोपकार के कार्य हैं।

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>

### गन्ने का मूल्य बढ़ने से किसानों में खुशी की लहर : तेजपाल चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तेजपाल चौधरी ने कहा कि जयंत चौधरी के अथक प्रयास से प्रदेश सरकार ने गन्ने के मूल में 30 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी की है जिससे किसानों में खुशी की लहर है। 2025-26 के पेराई सत्र के लिए गन्ने का राज्य सलाहकार मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद, अगैती किस्म के गन्ने का मूल्य 370 रुपये से बढ़कर 400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है, जबकि सामान्य किस्म का मूल्य 360 रुपये से बढ़कर 390 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों गन्ना किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है। जिससे गन्ना किसानों में खुशी की लहर है। लगभग 45 लाख गन्ना किसान परिवार इस फैसले से लाभान्वित होंगे। इस बढ़ोतरी से किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान मिलेगा। सरकार द्वारा लिया गया यह कदम सराहनीय है गन्ना किसान सरकार के इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं।

# 32 साल पुरानी शालीमार गार्डन सोसायटी खतरे में !

## भरभराकर गिरा मकान का छज्जा, बड़ा हादसा टला



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में सोमवार रात एक मकान के तीसरे तल का छज्जा भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय नीचे कोई मौजूद नहीं था, वरना जान-माल का नुकसान हो सकता था। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि सोसायटी की इमारतों की तकनीकी जांच कराई जाए और मेंटेनेंस का उचित प्रबंध किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय निवासी पवन रेड्डी ने बताया कि यह सोसायटी करीब 30 से 32 साल पुरानी है। यहां न तो आरडब्ल्यूए है और न ही एओए। बिल्डर का नियंत्रण भी अब खत्म हो चुका है, जिसके कारण मेंटेनेंस का कोई स्थायी प्रबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि सोसायटी के कई हिस्सों में दीवारों और छज्जों में दरारें आ चुकी हैं, लेकिन कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा। निवासियों ने चिंता जताई कि शाम के समय बच्चे अक्सर नीचे खेलते हैं, ऐसे में किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि सोसायटी की इमारतों की तकनीकी जांच कराई जाए और मेंटेनेंस का उचित प्रबंध किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उनके दिल में है जबरदस्त तरीके से कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनने की बहार? हमें पता चला है कार्यकारिणी के सदस्य जो आज तक नहीं गये थे भगवा योद्धा के घर पर? वो सदस्य तीन दिन में चले गये हैं उनके यहां पर दो बार? कहने वाले ने कहा यूं तो वो वहां से निकले हैं लेकर पॉजिटिव विचार? भगवा योद्धा के दिल में क्या चल रहा है? आज तक नहीं जान पाया है उनके साथ चलने वाला भी यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों बाद मिस्टर गिरी को मिली है एसआईआर वाली जिम्मेदारी? वो पांच मंडलों पर खेल रहे हैं इस अभियान को चलाने की पारी? सुना है उन्होंने जैसे ही मिलाया पांच मंडलों के अध्यक्षों को फोन? बाकी चार के तो उठ गये मगर एक ने नहीं सुनाई सामने से हैलो वाली टोन? उन्होंने अपनी बात को किया कई चेहरों से शेयर? सामने से आवाज आई, बृज वाले एरिया के भगवा कमिश्नर ऐसे ही हैं? उनके अंदाज पहले जैसे ही हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लेकर दिल की बात एक कार्यकारिणी वाले मैम्बर गये थे जनप्रतिनिधि के पास? बड़ी ही मुस्कुराहट के साथ उन्होंने खोला था उनके घर का गेट? गेट कीपर से कहा था कि साहब को दे दो हमारे आने का अपडेट? अपडेट देने वाले ने दिया या नहीं दिया इस बात का तो नहीं है अपडेट? मगर सुना है ये मैम्बर इंतजार करते करते हो गये बहुत लेट? फिर भी नहीं खोला खोलने वाले ने इनके लिए गेट? मीठी मुस्कुराहट वाले ये चेहरे कुछ नहीं कह पाये? क्योंकि ये नहीं है इतने ठेठ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप तक पहुंचाने वाले ने बात कुछ और ही अंदाज में थी पहुंचाई? होर्डिंग पर फोटो नहीं होने वाली बात पर हुई थी मिस्टर माईग्रेट से संगठन वालों की हल्की फुल्की शब्दों की लड़ाई? मिस्टर माईग्रेट अपना फोटो नहीं होने से दिख रहे थे नाराज? संगठन वाले करा रहे थे उन्हें पार्टी के दिशा-निर्देशों का एहसास? कह रहे थे हम पार्टी के फार्मेट पर कर रहे हैं काम? आप ही बताओ इस पर कहां लिखा है आपके फोटो लगाने वाला पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से पता चली है भगवा योद्धा के साथ लगातार आने वाले शर्मा जी और त्यागी जी को छह महीने तक कुछ नहीं होने वाली बात? सुना है तब से इन दोनों ने खींच दिये हैं कुछ कुछ अपने हाथ? अब ये उतनी आग के साथ नहीं नजर आ रहे हैं भगवा योद्धा के साथ? धीरे-धीरे बुझा ली है इन्होंने अपनी आग? इन्हें हो गया है महसूस जब घोषणा की नहीं बन रही है योजना? तो फिर क्यों हम दोनों खुद को करें डिफ्यूज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको मून वाली सिटी की बात? अक्सर रेस्लर और कमांडर यहां पर बैठते हैं साथ? सिंह साहब के ऑफिस पर दोनों की होती है लंबी लंबी बात? पिछले महीने में दोनों दोस्तों के हो चुकी हैं यहां पर चार-पांच बार सिटिंग? एक खंडर बंगले को खरीदने की योजना पर काम चल रहा है? इस बात को लेकर हो रही है मीटिंग? कहने वाले ने कहा हम नदिया पार से कर रहे हैं आपको कनैक्ट? भाग-दौड़ जब से ज्यादा बढ़ी है जब से हैवीवेट वालों ने कहीं से भी चुनाव लड़ने के लिए दिया है रिएक्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो कह तो रहा था कायदे की बात? काहे बात की कोर, काहे बात का शोर? कहने वाले ने कहा जब 100पार्षदों के टिकट सांसदों-विधायकों के कहने से ही हुए हैं? तो फिर हर बार क्यों लेना चाहिए इन्हीं से नाम? नाम तो मेयर से पूछा जाना चाहिए? जब पार्षदों को टिकट देने की बारी आई थी? तब उनके नाम को रखा गया था अंजान? चुनाव सिर्फ एक नाम पर होना है? फिर ना जाने क्यों मचाया हुआ है मचाने वाले ने इतना घमासान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात आज आप उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर लिख लो श्रीमान? जो बैठे थे निगम के प्रांगण में धरने पर? उनका तो बिल्कुल भी नहीं आने वाला है उपाध्यक्ष पर नाम? सुना है इनके नाम पर चलेगी पूरी शिद्दत से लकीर? जो नहीं बैठा था धरने पर खुल सकती है उसकी तकदीर? मामला लाईन पार का होगा? या फिर उपाध्यक्ष बनेगा कोई जाट वीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि तिकड़ी वाले त्यागी जी के पास है निगम वाले सचेतक की जिम्मेदारी? उन्हें लगभग एहसास हो चुका है कि चल चुकी है उनके नाम पर आरी? बस एक मामला और है जो कर रहा है उनका दिल भारी? सचेतक होते हुए भी वो नहीं निभा पा रहे है सचेतक वाली जिम्मेदारी? सचेतक करता है चुनाव को लेकर व्हीप जारी? मगर त्यागी जी तो नहीं खेल पाये इस बार ये वाली भी पारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर दत्त को लेकर है तीन जनप्रतिनिधियों का साफ्ट कार्नर? बस इसी वजह से उनका मामला नहीं हो पा रहा है लॉक? कहने वाले ने कहा अगर दो जनप्रतिनिधि उनके पक्ष में नहीं होते? तो पूरी हो सकती थी उनकी होप? कहने वाले ने कहा फिर भी उनको निराश होने की जरूरत नहीं? अभी भी उनको लेकर बचा हुआ है थोड़ा बहुत स्कोप?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।